सोमवार, 3 नवम्बर 2025

**मौसम**



तापमान 21 – 30
आर्द्रता 80%
सूर्योदय: 5:42 सूर्यास्त: 16:58

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : जहाँ मेरा हृदय है, वहीं मेरा भाग्य है!



वाशिंगटन की विस्फोटक पारी से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया पृष्ठ 8

### ‘टाइप 1’ मधुमेह से लड़ने में पश्चिम बंगाल विश्व स्तर पर अनुकरणीय : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि राज्य ने मधुमेह के उपचार में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है, क्योंकि ‘टाइप 1’ मधुमेह से लड़ने में राज्य विश्व स्तर पर अनुकरणीय बन गया है। ममता ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में, राज्य सरकार संचालित एसएसकेएम अस्पताल को गैर-संचारी रोग उपचार के मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक प्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दी गई मान्यता का हवाला दिया। उक्त विशेषज्ञ ने हाल में इस अस्पताल का दौरा किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि टाइप 1 मधुमेह से लड़ने के लिए ‘बंगाल मॉडल’ एक वैश्विक अनुकरणीय मॉडल बन गया है। हाल में हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के एसोसिएट प्रोफेसर जीन बुकमान (जिन्हें गैर-संचारी रोगों का विशेषज्ञ माना जाता है) ने हमारे एसएसकेएम अस्पताल का दौरा किया और इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल, ‘देश में, किसी राज्य द्वारा चलाया जाने वाला अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है’ और उन्होंने इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी।

# भारत की बेटियों ने वर्ल्ड कप जीत रचा इतिहास

## फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया

## पहली बार वनडे वर्ल्ड कप खिताब किया अपने नाम

**मुंबई :** भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 246 रन पर सिमट गई। दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट लेकर मैच पलट दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल वोल्वार्ट की 101 रन की पारी बेकार गई। 52 साल के महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में यह भारत का पहला वनडे विश्व कप का खिताब है। पहला महिला वनडे विश्व कप 1973 में खेला गया था। दीप्ति के अलावा शेफाली वर्मा ने भी कमाल दिखाया। उन्होंने बल्लेबाजी में 87 रन बनाने के अलावा दो विकेट भी झटके। वह प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। पृष्ठ 8




# इसरो ने रचा इतिहास, ‘बाहुबली’ रॉकेट ने सबसे भारी उपग्रह को कक्षा में स्थापित किया

■ प्रधानमंत्री मोदी, उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने सबसे भारी संचार उपग्रह के प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई दी



**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) :** भारतीय धरती से नयी पीढ़ी के स्वदेशी 'बाहुबली' रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाने वाला सबसे भारी संचार उपग्रह रविवार को सफलतापूर्वक इच्छित कक्षा में स्थापित कर दिया गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि 4,410 किलोग्राम वज़नी संचार उपग्रह सीएमएस-03 को एलवीएम 3-एम5 रॉकेट के ज़रिए प्रक्षेपित किया गया, जिससे भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी को यह दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने में मदद मिली। इसने कहा कि सीएमएस-03 एक बहु-बैंड संचार उपग्रह है और यह भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएँ प्रदान करेगा। इसने कहा कि उपग्रह को वांछित भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया। यह 2013 में प्रक्षेपित की गई जीसैट 7 श्रृंखला का प्रतिस्थापन भी है। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि प्रक्षेपण यान ने संचार उपग्रह को इच्छित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। प्रक्षेपण के बाद मिशन नियंत्रण केंद्र से अपने संबोधन में उन्होंने एलवीएम 3 उपग्रह को ‘बाहुबली’ रॉकेट बताया, जो स्पष्ट रूप से इसकी भारी भार उठाने की क्षमता का संदर्भ था। नारायणन ने याद दिलाया कि रॉकेट का पिछला प्रक्षेपण “सबसे प्रतिष्ठित चंद्रयान 3 था, जिसने राष्ट्र को गौरव दिलाया। अंतरिक्ष विभाग के सचिव नारायणन ने कहा, “इस उपग्रह को कम से कम 15 वर्षों तक संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है तथा यह आत्मनिर्भर भारत का एक और शानदार उदाहरण है।”

**इसरो का मार्च 2026 तक सात मिशन प्रक्षेपित करने का लक्ष्य : अध्यक्ष नारायणन**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मार्च 2026 के अंत तक सात मिशन प्रक्षेपित करने का लक्ष्य तय किया है। इनमें गगनयान कार्यक्रम के तहत पहला मानवरहित मिशन भी शामिल है। यह जानकारी रविवार को इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने दी। उन्होंने कहा कि इसरो ने गगनयान कार्यक्रम के तहत मानवयुक्त मिशन से पहले तीन मानवरहित मिशन को प्रक्षेपित करने की योजना बनाई है। इनमें से पहला मानवरहित प्रक्षेपण – ‘जी1 मिशन’ – मार्च 2026 तक होने की संभावना है।

**सीएमएस-03 उपग्रह हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूत दूरसंचार कवरेज प्रदान करेगा: नौसेना**

संचार उपग्रह सीएमएस-03 हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूत दूरसंचार कवरेज प्रदान करेगा और नौसेना की अंतरिक्ष-आधारित संचार और समुद्री क्षेत्रीय क्षमताओं को मजबूत करेगा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 4,410 किलोग्राम वजन वाला यह उपग्रह उच्च क्षमता वाले बैंडविड्थ के साथ कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा, जिससे जहाजों, विमानों, पनडुब्बियों और भारतीय नौसेना के समुद्री संचालन केंद्रों के बीच निर्बाध और सुरक्षित संचार संपर्क संभव हो सकेगा। इसरो के अनुसार, सीएमएस-03 बहु-बैंड संचार उपग्रह है और यह भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस प्रक्षेपण को देश की आत्मनिर्भरता की भावना का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

## राजस्थान : जोधपुर में भीषण सड़क हादसे में 15 लोगों की मौत, दो घायल



**जयपुर :** राजस्थान के जोधपुर जिले में फलोदी के पास रविवार रात एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में दो लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार हादसे में मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस हादसे पर शोक जताया है। पुलिस ने बताया कि यह हादसा भारतमाला राजमार्ग पर मतोड़ा गांव के पास हुआ। यात्रियों को लेकर जोधपुर की ओर आ रहा एक टैम्पो ट्रैवलर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गया। जोधपुर के पुलिस आयुक्त ओम प्रकाश ने कहा, इस हादसे में 15 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले प्राथमिक उपचार के लिए ओसियां के अस्पताल ले जाया गया और बाद में जोधपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार पीड़ित जोधपुर के सूरसागर इलाके के निवासी थे और बीकानेर के पास कोलायत में कपिल मुनि आश्रम में पूजा-अर्चना करने के बाद लौट रहे थे। सभी शवों को ओसियां के सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक जताया है। उन्होंने ’एक्स’ पर एक पोस्ट में लिखा,’’फलोदी के मतोडा क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।’’ शर्मा ने कहा, ’’जिला प्रशासन के अधिकारियों को सभी घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति दें तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।’’

# ‘विकसित बिहार’ का मतलब है युवाओं को रोजगार देना: प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पटना में किया रोड शो

**आरा/नवादा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि ‘विकसित भारत’ की बुनियाद बिहार है और ‘विकसित बिहार’ का अर्थ है राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना। उन्होंने दावा किया कि इस बार बिहार की जनता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को रिकॉर्ड संख्या में सीट दिलाने जा रही है और ‘जंगलराज’ को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने आरा में आयोजित एक चुनावी सभा में कहा, “राजग का घोषणापत्र बिहार के तेज विकास के लिए समर्पित एक दूरदर्शी दस्तावेज है। यह ईमानदार और स्पष्ट सोच वाला घोषणापत्र है, जबकि जंगलराज वाले झूठे वादों का पुलिंदा लेकर आए हैं। लेकिन, ये जनता है, सब जानती है।” उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसानों के हित में कदम और महिलाओं के सशक्तीकरण के उपाय-ये सभी राजग के घोषणापत्र के प्रमुख बिंदु हैं। मोदी ने कहा, “1.30 करोड़ महिलाओं को उनके खातों में 10,000 रुपये मिले हैं। बिहार में देश की सबसे अधिक युवा आबादी है, इसलिए हमारा घोषणापत्र युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन पर केंद्रित है।” प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) और कुटीर उद्योगों के नेटवर्क का और अधिक विस्तार किया जाएगा तथा बिहार जल्द ही पूर्वी भारत का प्रमुख वस्त्र और पर्यटन केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा, “बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राजग प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत छोटे किसानों को 6,000 रुपये दिए हैं, अब राज्य सरकार अपनी ओर से 3,000 रुपये और जोड़ेगी।” मोदी ने कहा, “जो वादा करते हैं, उसे निभाते हैं – यही राजग का ट्रैक रिकॉर्ड है। मैंने गारंटी दी थी, अब लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। पहले यहां ‘अरवा (कच्चा) चावल’ मिलता था, अब उसना (पक्का) चावल दिया जा रहा है। गरीबों को पक्का घर देने की गारंटी भी हमने पूरी की।” प्रधानमंत्री ने कहा, “देश की सुरक्षा और सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वन रैंक वन पेंशन योजना लागू करने की गारंटी मैंने दी थी, और हमने उसे पूरा किया। बिहार के हजारों लोग सेना और अर्धसैनिक बलों में सेवा दे रहे हैं।” उन्होंने कहा, “मैंने अनुच्छेद-370 हटाने की गारंटी दी थी, जो 70 साल बाद पूरी हुई। अब जम्मू-कश्मीर में भारतीय संविधान लागू हो चुका है। मोदी ने कहा था कि आतंकवादियों को उनके ठिकानों में घुसकर मारेंगे, हमने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ किया और यह गारंटी निभाई। इससे हर भारतीय गर्वित हुआ।”

# दुलार चंद यादव हत्याकांड : अनंत सिंह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**पटना :** बिहार में पटना की एक अदालत ने मोकामा सीट से जनता दल (यूनाइटेड)-जद (यू) उम्मीदवार अनंत सिंह और उनके दो सहयोगियों को जन सुराज पार्टी समर्थक दुलार चंद यादव की हत्या के सिलसिले में रविवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मोकामा विधानसभा सीट से जद(यू) के प्रत्याशी अनंत सिंह को उनके सहयोगियों मणिकांत ठाकुर और रंजीत राम के साथ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की अदालत में पेश किया गया। ये तीनों इससे पहले यादव की हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए थे। सिंह के अधिवक्ता नवीन कुमार ने बताया, अदालत ने अनंत सिंह और दोनों अन्य आरोपियों को दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इसके बाद पुलिस उन्हें पटना स्थित बेऊर जेल ले गई। पूर्व विधायक अनंत सिंह पर तब से निगरानी रखी जा रही थी जब जन सुराज समर्थक दुलार चंद यादव की मौत के बाद उन पर संलिप्तता के आरोप लगे थे। यादव की हाल में अनंत सिंह के समर्थकों से झड़प हुई थी। इसके बाद पुलिस ने शनिवार की देर रात सिंह को उनके मोकामा के बरह स्थित आवास (पटना से करीब 200 किलोमीटर दूर) से हिरासत में लिया था।

**शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न होंगे बिहार के विधानसभा चुनाव : ज्ञानेश कुमार**

**कानपुर (उप्र) :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव कानून-व्यवस्था के दायरे में पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न होंगे। कुमार ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, निर्वाचन आयोग चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। बिहार में चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न होंगे तथा सभी मतदाताओं को लोकतंत्र का उत्सव मनाने का अवसर मिलेगा। मतदान कानून-व्यवस्था के दायरे में होगा।

## उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org

Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho

## लालू के बेटे की सरकार बनी तो हत्या, अपहरण और रंगदारी के तीन नए मंत्रालय होंगे: शाह



**मुजफ्फरपुर(बिहार) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर उनके बेटे को सत्ता मिली तो बिहार में “हत्या, अपहरण और रंगदारी” के तीन नए मंत्रालय बनाए जाएंगे। मुजफ्फरपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया कि अगर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बरकरार रही तो बिहार को बाढ़मुक्त बनाया जाएगा और इसके लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया जाएगा। शाह ने कहा, “अगर राजग की सत्ता बरकरार रहती है तो बिहार को बाढ़मुक्त बनाया जाएगा। बाढ़ नियंत्रण के लिए एक अलग मंत्रालय स्थापित किया जाएगा।” उन्होंने जनता से अपील की कि वे राजग को वोट देकर “राजद शासन के दौरान देखे गए जंगलराज की पुनरावृत्ति” को रोकें। शाह ने कहा, “अगर लालू जी के बेटे (तेजस्वी यादव) मुख्यमंत्री बने, तो बिहार में तीन नए मंत्रालय बनेंगे- एक हत्या के लिए, दूसरा अपहरण के लिए और तीसरा रंगदारी के लिए। आपके वोट बिहार को फिर से जंगलराज में जाने से बचाएंगे। नए चेहरों के साथ फिर से जंगलराज लाने की कोशिश हो रही है।” गृह मंत्री ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, “दोनों अपने-अपने बेटों को बिहार का मुख्यमंत्री और देश का प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं, जबकि दोनों पद खाली नहीं हैं।”

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
‘X’ Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555



## जहरीली हवा में घुटती सांसें

दशकों से मीडिया व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग तथा संगठन, जिस प्रदूषण संकट के प्रति चेताते रहे हैं, उसके घातक परिणाम अब साफ सामने नजर आने लगे हैं। विडंबना यह है कि देश की राजधानी व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ही नहीं, अब देश के तमाम बड़े-छोटे शहरों से भी जानलेवा प्रदूषण की खबरें आ रही हैं। इस घातक व मारक संकट की पुष्टि बहुचर्चित मेडिकल जर्नल लैंसेट की हालिया रिपोर्ट करती है। रिपोर्ट दावा करती है कि देश की हवा में 2010 की तुलना में साल 2022 तक प्रदूषणवाहक पीएम 2.5 कणों की मात्रा में 38 फीसदी तक का बढ़ावा हुआ है। जिसका घातक प्रभाव यह है कि करीब सत्रह लाख लोग असमय काल-कवलित हो चले हैं। इससे होने वाला आर्थिक नुकसान अलग है। यह कहना कठिन है कि अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका के आंकड़े कितने विश्वसनीय हैं। बहुत संभव है कि सरकारें इन आंकड़ों पर सहमति न जताएं, लेकिन दीपावली के बाद दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत देश के विभिन्न शहरों में प्रदूषण जिस घातक स्तर तक पहुंचा है, वह हालात के गंभीर होने की ओर इशारा तो करता ही है। एक अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने दिल्ली को दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर का खिताब भी दिया है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अस्पतालों में प्रदूषणजनित रोगों का उपचार कराने वाले लोगों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। जीवन के संघर्ष में रोजी-रोटी की कवायद में जुटे लोगों को यह अहसास भी नहीं होता है कि वे दिन में कितनी जहरीली हवा निगल रहे हैं। हमारे शहर केंद्रित विकास की विसंगितयां भी शहरों में प्रदूषण का दायरा बढ़ा रही हैं। शहरों में उगते कंक्रीट के जंगल न केवल हवा के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित कर रहे हैं बल्कि वाहनों के सैलाब को भी बढ़ावा दे रहे हैं। विडंबना यह है कि इसके बावजूद राजनीतिक दलों व सरकारों में वह इच्छाशक्ति नजर नहीं आती, जो इस संकट के कारगर समाधान की राह दिखाती हो।

निश्चित तौर पर प्रदूषण संकट की यह जानलेवा स्थिति हमें शर्मसार करने वाली है। यह हमारी सामूहिक विफलता की तसवीर भी उकेरती है। सर्दियों का मौसम आते ही दिल्ली व निकटवर्ती शहरों में जो प्रदूषण का बड़ा संकट दिखायी देता है, आखिर उसे साल भर सतर्कता के साथ क्यों नहीं देखा जाता। देश में आर्थिक असमानता व गरीबी के चलते लाखों लोग व बच्चे उन अस्वस्थकारी परिस्थितियों में काम करने को बाध्य हैं, जो कालांतर जानलेवा रोगों का सबब बनती हैं। देश में करोड़ों बाल श्रमिक पटाखा, कालीन और अन्य सांस के रोगों का संकट बढ़ाने वाले उद्योगों में काम कर रहे हैं। व्यवस्था का भ्रष्टाचार नियामक एजेंसियों को हिलने तक नहीं देता। दरअसल, यह प्रदूषण मौसमी बदलाव, पटाखों या पराली जलाने से ही नहीं पैदा होता। दरअसल, इसके मूल में शासन-प्रशासन की वह विफलता भी शामिल है, जो वातावरण को जहरीला बनाने वाले उद्योगों तथा निर्माण में उड़ने वाली धूल की सतर्क निगरानी नहीं करती। दरअसल, हमारे जीवन की कृत्रिमता व सुविधाभोगी जीवनशैली ने उन घातक गैसों को बढ़ावा दिया जो ग्लोबल वार्मिंग व प्रदूषण की कारक बनती हैं। इस समस्या का एक पहलू यह भी है कि देश की जनता इस आसन्न संकट के प्रति लगातार उदासीन बनी रहती है। वह चुनावों के दौरान न तो राजनेताओं पर इस संकट के समाधान के लिये दबाव बनाती है और न ही निजी जीवन में ऐसी कोई पहल करती है। इस तरह कहीं न कहीं इस प्रदूषण वृद्धि में हमारी भागीदारी बनी हुई है। अब भले ही कार्बन उत्सर्जित करने वाले ईंधन के उपयोग में कमी आई है, लेकिन अभी भी इस दिशा में काम करने की जरूरत है। हम निजी जीवन में जितनी स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देंगे, उतना ही प्रदूषण धीरे-धीरे कम होता जाएगा। जनता को शासन-प्रशासन पर दबाव बनाना चाहिए कि वह समय रहते प्रदूषण नियंत्रण के लिये प्रयास करे। व्यक्ति के तौर पर हमें पटाखे व पराली जलाने वालों की निगरानी करनी होगी, ताकि प्रदूषण का स्तर कम करने में हमारी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 3 नवम्बर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष त्रयोदशी, 26:03 तक, नक्षत्र : उत्तरभाद्रपदा, 14:52 तक, योग : हरषाना, 19:30 तक, सूर्योदय: 05:42, सूर्यास्त: 16:58, चन्द्रोदय : 15:12, चन्द्रास्त: 03:01, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 07:09 से 08:32

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको बिजनेस में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। दान पुण्य के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

**वृष :** आज आपको काम को लेकर टेंशन बनी रहेगी। आपकी किसी मित्र से भी खटपट हो सकती हैं। संतान के करियर को लेकर आप उन्हें कहीं बाहर भेज सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपका कोई बनते-बनते काम अटक सकता है। कार्यक्षेत्र में आप पर उच्च अधिकारियों की कृपा बनी रहेगी।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप कहीं धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। आपके परिवार में पद प्रतिष्ठा बढ़ने से आज खुशी होगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आपका कोई विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपके शत्रु में प्रबल रहेंगे, लेकिन वह आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। प्रेम जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। नौकरी मे आपको कुछ समस्या चल रही थी, तो आप उसे दूर करने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक :** आज आपकी यश और कीर्ति बढ़ेगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने वाणी पर संयम रखना होगा। आपका समय मौज-मस्ती में बीतेगा।

**धनु :** आज आपको अपने बढ़ते खर्च पर कंट्रोल करने की आवश्यकता है। आपका धन यदि कहीं फंसा हुआ था, तो वह भी आपको मिल सकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, जो विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता की तैयारी में लगे हैं, उन्हें अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपको आर्थिक लेनदेन मे सावधानी बरतनी होगी। आप अपने जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान दें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए एक के बाद एक खुशखबरी लेकर आने वाला है। आपको अपनी बुद्धि से लिए गए निर्णय से फायदा होगा।

# राष्ट्रीय जलमार्गों से सशक्त होता लॉजिस्टिक्स तंत्र



**विजय कुमार**

भविष्य के एक ऐसे भारत की कल्पना करें जहां मालढुलाई ट्रकों के बजाय नावों से हो, लॉजिस्टिक्स गलियारे राजमार्गों की जगह नदियों के किनारे बने हों और व्यापार बढ़ने के बाद भी कार्बन उत्सर्जन कम हो। ऐसा भविष्य कोरी कल्पना नहीं है बल्कि हमारी पहुंच के दायरे में है। देश को विकसित भारत और सही मायने में आत्मनिर्भर बनने के लिए अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) को टिकाऊ लॉजिस्टिक्स क्रांति की रीढ़ बनना होगा।

भारत 4,000 वर्षों से नदियों के माध्यम से व्यापार करता आ रहा है। नदियों ने लोथल को रोम से, बंगाल को बर्मा से और असम को शेष दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ा है। हालांकि समय के साथ सड़कों और रेलवे ने अपनी रफ्तार और स्टील की चमक से नदियों को पीछे धकेल दिया। लेकिन अब जलवायु परिवर्तन के चलते आर्थिक दबाव के इस दौर में हालात बदल रहे हैं। ऐसा नदियों के प्रति प्रेम की वजह से नहीं, बल्कि जरूरत के कारण हो रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्देशीय जलमार्ग पर अभूतपूर्व नीतिगत ध्यान दिया जा रहा है। राष्ट्रीय जलमार्गों पर 2013-14 में कार्गो की आवाजाही 18.1 मिलियन मेट्रिक टन थी जो 2024-25 में बढ़कर 145.84 मिलियन मेट्रिक टन हो गई है। जलमार्गों से माल-ढुलाई का खर्च भी कम आता है। जलमार्ग से माल-ढुलाई का खर्च 1.20 रुपये प्रति टन-किलोमीटर है जबकि रेल से 1.40 रुपये और सड़क से 2.28 रुपये प्रति टन-किलोमीटर का खर्च आता है। जलमार्ग किफायती और ईंधन-कुशल होते हैं। जलमार्ग से परिवहन पर प्रति टन-किलोमीटर केवल 0.0048 लीटर ईंधन की खपत होती है जबकि सड़क से 0.0313 लीटर और रेल मार्ग से 0.0089 लीटर खर्च होता है। यह किसी भी सप्लाई चेन मैनेजमेंट के लिए आंखें खोलने वाली बात है।

सबसे महत्वपूर्ण यह है कि नदी परिवहन से प्रति टन-किलोमीटर ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन सड़क परिवहन की तुलना में महज 20 प्रतिशत होता है। गंगा या ब्रह्मपुत्र में चलने वाला हर जहाज न केवल सामान ढो रहे हैं, बल्कि भारत के कार्बन उत्सर्जन को कम करने की सजगता को भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित कर रहा है।

भारत सरकार ने 2016 में राष्ट्रीय जलमार्ग-1 पर जलमार्ग विकास परियोजना को मंजूरी दी थी, जिससे गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली में कार्गो की आवाजाही बढ़ रही है। वाराणसी और साहिबगंज जैसे मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स हब राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन लिमिटेड (एनए-चएलएमएल) के साथ साझेदारी में विकसित किए जा रहे हैं तथा इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईपीआर-सीएल) और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरप-ोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के जरिये रेल लिंक बनाए जा रहे हैं ताकि नदी, रेल और सड़क को सुगमता से जोड़ा जा सके। राष्ट्रीय जलमार्ग-2 (ब्रह्मपुत्र नदी) पर जोगीघोपा आईडब्ल्यूटी टर्मिनल को मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) से जोड़ा जा रहा है, जो भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग के जरिये कोलकाता और हल्दिया बंदरगाह को जोड़ता है।

अंतर्देशीय जल परिवहन की क्षमता अब साफ़ दिखने लगी है। असम में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) की विस्तार परियोजना का हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था। रिफाइनरी के लिए ओवर डाइमेंशनल कार्गो (ओडीसी) और ओवर वेट कार्गो (ओडब्ल्यूसी) जैसे भारी उपकरण आईडब्ल्यूएआई की देखरेख में भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग और ब्रह्मपुत्र नदी के जरिये ट्रांसपोर्ट किए गए थे। इसमें 24 कंसाइनमेंट शामिल थे जो एनआरएल जेट्टी तक आसानी से और सुरक्षित रूप से पहुंचाए गए। इससे भीड़भाड़ वाले राजमार्गों और बड़े कार्गो के लिए सड़क परिवहन की मुश्किलों से भी बचा गया। इस ऑपरेशन से पता चला कि नदी लॉजिस्टिक्स न केवल पर्यावरण के लिए अच्छा है, बल्कि यह भारत के सबसे मुश्किल औद्योगिक शिपमेंट को संभालने में भी पूरी तरह से सक्षम है। सही मायने में यह लागत-प्रभावी, सुरक्षा और सतत परिवहन का बेजोड़ मेल है।

उद्योग के लिए यह अतीत की यादों में खोने या राष्ट्रीय गर्व की ही बात नहीं है बल्कि यह मार्जिन और मार्केट के बारे में है। जलमार्ग से सामान भेजना सस्ता, ज्यादा स्वच्छ और तेज होता जा रहा है क्योंकि मल्टीमोडल हब ऑनलाइन आ रहे हैं। आज की दुनिया में वैश्विक निवेशक सप्लाई चेन को केवल दक्षता के लिहाज से ही नहीं बल्कि उनके पर्यावरणीय प्रभाव को भी देखते हैं, ऐसे में नदी परिवहन को अपनाना रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। कार्बन उत्सर्जन घटाने पर भी जोर है, जिससे अंतर्देशीय जलमार्ग आधुनिक लॉजिस्टिक्स के लिए बेहतर और ज्यादा टिकाऊ विकल्प बन गए हैं। जलमार्गों के जरिये माल भेजने से कम लागत, बेहतर पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस (ईएसजी) क्रेडेंशियल्स का दोहरा फायदा मिलता है।

सामाजिक लाभ असली है। कम ट्रक मतलब कम दुर्घटनाएं, सड़कों के रखरखाव पर कम दबाव, स्वच्छ हवा और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था। नदी किनारे रहने वाले कई समुदाय जो कभी फेरी ट्रांसपोर्ट या छोटे पैमाने के व्यापार पर निर्भर थे, वे अब लॉजिस्टिक्स सपोर्ट, हैंडलिंग, वेयरहाउसिंग और अंतर्देशीय पोत्तन सेवाओं में नया रोजगार पा सकते हैं। यह व्यापार और रोजगार को बढ़ाने का एक सुदृढ़ साधन है।

ऐसा नहीं है कि इसमें कोई चुनौती नहीं है। मौसम का असर नेविगेशन पर पड़ता है। कुछ हिस्सों में लगातार ड्रेजिंग की दरकार होती है। मालवाहन बेड़े भी सीमित हैं। राज्यों, बंदरगाहों और मंत्रालयों के बीच संस्थागत समन्वय भी बड़ी चुनौती है। लेकिन सरकार एंड-टू-एंड ड्रेजिंग, मल्टी-मोडल हब का विस्तार, अंतर्देशीय पोत कानून जैसी नीतियों को लागू करके इन चुनौतियों से निपट रही है। इसके साथ ही सरकार राष्ट्रीय जलमार्ग पर निजी जेट्टी बनाकार और 'हरित नौका' के तहत पर्यावरण मानदंडों का पालन करके इस क्षेत्र को स्वच्छ और हरित तरीकों की ओर ले जा रही है। कार-डी (कार्गो डेटा पोर्टल), जलयान और नाविक, जल-समृद्धि, पानी और नौदर्शिका (नेशनल रिवर ट्रैफिक और नेविगेशन सिस्टम) पोर्टल जैसे डिजिटल टूल परिवहन को आसान बनाते हैं और रुकावटों को कम करते हैं।

पूरी दुनिया में नदी परिवहन का विस्तार हो रहा है। डेन्यूब और राइन नदियां यूरोप का माल ढोती हैं। भारत मालवहन योग्य नदियों के समृद्ध नेटवर्क के साथ मजबूत स्थिति में है। भारत ने 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है, ऐसे में जलमार्ग उसके लिए विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता है। जल परिवहन दक्षता, अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी सभी के लिहाज से उयुक्त है।

मुंबई में चल रहे इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में वैश्विक और स्थानीय नीति निर्माता, लॉजिस्टिक्स की दिग्गज कंपनियों से लेकर नए लोगों तक, सरकारें, निवेशक, मैरीटाइम विशेष, पर्यावरणविद और उत्साही लोग इस दिशा में अगला कदम उठाने के लिए अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। यह आयोजन कार्गो-केंद्रित नदी परिवहन के भविष्य की झलक दिखाएगा कि कैसे गंगा, ब्रह्मपुत्र और दूसरे जलमार्ग हरे-भरे और ज्यादा कुशल भारत की रीढ़ बन सकते हैं। नदियों ने हमारी सभ्यता बनाई है। अपनी समृद्ध विरासत को अपनाकर और दुनिया की श्रेष्ठ कार्यप्रणाली के साथ भारत एक नए और आधुनिक अंतर्देशीय जल परिवहन प्रणाली के जरिये टिकाऊ अर्थव्यवस्था बनाने के लिए तैयार है। नदी की धारा आखिरकार हमारे पक्ष में बह रही है, जो हरित लॉजिस्टिक्स के भविष्य को ताकत दे रही है।

**(लेखक पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय में सचिव हैं)**

# बदलते बिहार का रण: क्या बदलेगा 2025 का गणित?



**योगेश कुमार गोयल**

### बिहार में किस करवट बैंठेगा चुनावी ऊंट?

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद से ही राज्य की सियासत उबाल पर है। दो चरणों में मतदान और 14 नवंबर को परिणाम, इन दो तिथियों के बीच अब हर बयान, हर गठबंधन, हर रैली और हर अपराध की खबर चुनावी हवा की दिशा तय करेगी। इस बार मुकाबला केवल नीतीश बनाम तेजस्वी या एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन का नहीं है बल्कि अनुभव बनाम उम्मीद, सुशासन बनाम बदलाव और भरोसे बनाम मोहभंग की त्रिकोणीय लड़ाई बन गया है। बीस वर्षों से सत्ता के शिखर पर बैठे नीतीश कुमार का राजनीतिक भविष्य अब जनता की अदालत में है और इस फैसले में बिहार का आने वाला दशक छिपा है। बिहार में इस बार 7.43 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डालेंगे, जिनमें 3.50 करोड़ महिलाएं और 3.92 करोड़ पुरुष शामिल हैं। इनमें से करीब 14 लाख युवा ऐसे हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। यही नई पीढ़ी अब इस चुनाव की दिशा मोड़ सकती है क्योंकि वह जातीय समीकरणों से अधिक रोजगार, शिक्षा, पलायन और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर केंद्रित है। इस बार का चुनावी रण बिहार की पारंपरिक राजनीति की जड़ों को चुनौती दे रहा है। जातिवाद, परिवारवाद और गठबंधन की राजनीति के बीच अब विकास, सुरक्षा और रोजगार की गूंज पहले से अधिक मुखर हो चुकी है।

राज्य की राजनीतिक पटकथा पिछले दो दशकों में अनेक बार बदली लेकिन एक चेहरा स्थायी रहा, नीतीश कुमार। 2005 में उन्होंने लालू यादव के शासन से 'सुशासन' की ओर संक्रमण का नारा दिया और जनता ने उसे हाथों-हाथ लिया लेकिन बीस वर्षों में वही चेहरा अब थकान का प्रतीक बन गया है। सत्ता विरोधी लहर स्पष्ट दिख रही है और विपक्ष इसे 'नीतीश थकान सिंड्रोम' कहकर प्रचारित कर रहा है। तेजस्वी यादव की आरजेडी, कांग्रेस और वाम दलों के साथ गठित महागठबंधन इस बार जोर-शोर से मैदान में है। वहीं एनडीए, जिसमें जेडीयू, भाजपा, लोजपा (रामविलास) और हम जैसे सहयोगी हैं, अपने पुराने समीकरणों पर भरोसा कर रहा है। मगर इन समीकरणों की जमीन पहले जैसी ठोस नहीं रही। भाजपा और जेडीयू के रिश्तों में तनाव है, सीट बंटवारे को लेकर खींचतान हुई है और नीतीश कुमार की उम्र और स्वास्थ्य पर लगातार चर्चा हो रही है।

भाजपा ने रणनीतिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनाव का मुख्य चेहरा बनाया हुआ है। राज्य में मोदी फैक्टर अब भी प्रभावी है लेकिन स्थानीय असंतोष इसे सीमित कर सकता है। बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा के ढ़ांचे की बदहाली, लगातार पलायन और अपराध के बढ़ते ग्राफ ने सुशासन की कहानी को कमजोर किया है। पटना से लेकर मुज़फ्फरपुर और गया तक अपराध की घटनाएं आम होती जा रही हैं। हाल ही में मोकामा में हुई हत्या ने राज्य की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। चुनावी माहौल के बीच खुलेआम गोली चलना और जन सुराज के प्रत्याशी का खुलकर समर्थन कर रहे बाहुबली दुलारचंद यादव की हत्या यह संकेत देती है कि बिहार आज भी अपराध के साए से मुक्त नहीं है। विपक्ष इसे 'सुशासन का पतन' और 'जंगल राज' कहकर प्रचारित कर रहा है। जनता के मन में यह सवाल गूंज रहा है कि क्या बिहार का 'जंगल राज' कभी 'मंगल राज' बन सकेगा?

इन सबके बीच भ्रष्टाचार भी इस बार बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। प्रशांत किशोर, जो पहले चुनावी रणनीतिकार थे और अब जन सुराज पार्टी के नेता हैं, उन्होंने एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं पर भ्रष्टाचार और परिव-ारवाद के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके आरोपों ने सत्ता पक्ष को रक्षात्मक बना दिया है। भाजपा ने पलटवार किया लेकिन जन धारणा में पीके की 'साफ-सुथरी राजनीति' का प्रभाव देखा जा सकता है। जन सुराज पार्टी का जनाधार भले सीमित हो लेकिन वह कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति पैदा कर सकती है। युवाओं और पढ़े-लिखे वर्ग में पीके की अपील बढ़ रही है, खासकर उन लोगों के बीच, जो जातिगत राजनीति से ऊब चुके हैं और नए विकल्प की तलाश में हैं।



एनडीए सरकार ने इस बार मतदाताओं को लुभाने के लिए कई लोकलुभावन घोषणाएं की हैं, महिलाओं को 10 हजार रुपये की सहायता राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि, युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता, किसानों को फसल बीमा राहत और मुफ्त बिजली जैसी योजनाएं। भाजपा और जेडीयू दोनों इस बात पर दांव लगा रहे हैं कि महिलाओं का वर्ग, जो बिहार के चुनावों में अब निर्णायक बन चुका है, इन योजनाओं से प्रभावित होकर वोट करेगा। 2020 के चुनाव में महिला मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक था और इस बार भी यह रुझान कायम रह सकता है। महिला मतदाताओं की नब्ज इस बार निर्णायक हो सकती है, वे ही तय करेंगी कि स्थायित्व बेहतर है या परिवर्तन की शुरुआत। दूसरी ओर, विपक्ष भी अपनी रणनीति पर आक्रामक है। तेजस्वी यादव ने रोजगार, शिक्षा और पलायन के मुद्दे को केंद्र में रखकर युवाओं को आकर्षित करने की कोशिश की है। राहुल गांधी के साथ उनकी साझा रैलियों में भीड़ उमड़ रही है लेकिन भीड़ को वोट में बदलना उनकी सबसे बड़ी चुनौती है। विपक्ष ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी का मुद्दा उठाया, यह नैरेटिव खासकर शहरी मतदाताओं और पढ़े-लिखे वर्ग में कुछ हद तक असर डाल सकता है।

राज्य का जातीय गणित भी बदला है। 2022 के जाति आधारित सर्वेक्षण ने यह स्पष्ट किया कि बिहार में अत्यंत पिछड़ा वर्ग अब सबसे बड़ा समूह है, करीब 36 प्रतिशत। ओबीसी करीब 27 प्रतिशत, एससी 19.6 प्रतिशत और मुस्लिम लगभग 17 प्रतिशत हैं। यही वर्ग अब चुनाव का निर्णायक चेहरा बन गया है। एनडीए इन वर्गों में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है जबकि इंडिया गठबंधन यादव-मुस्लिम समीकरण को सहेजकर साथ ही पिछड़ों और दलितों को जोड़ने की रणनीति पर काम कर रहा है। सवाल यह है कि क्या जातीय पहचान अब भी वोट का आधार बनी रहेगी या फिर मतदाता अपनी प्राथमिकताएं बदल चुका है? दिलचस्प तथ्य यह है कि बिहार के ग्रामीण इलाकों में एनडीए की पकड़ मजबूत है जबकि शहरी इलाकों में विपक्ष को समर्थन बढ़ता दिख रहा है। लेकिन भाजपा सत्ता विरोधी भावना को संगठनात्मक ताकत से काउंटर करने की कोशिश कर रही है। मोदी फैक्टर और केंद्र की योजनाओं का लाभ एनडीए को मिला है पर यह लाभ तभी टिकेगा, जब नीतीश सरकार की छवि 'थकी हुई व्यवस्था' से उबर सके। भाजपा के भीतर भी यह चिंता है कि नीतीश अब वोट खींचने वाले नहीं रहे पर वे गठबंधन के लिए 'अनिवार्य चेहरा' हैं, उन्हें हटाना जोखिम भरा कदम होगा।

विपक्ष के पास मौका है लेकिन उसके भीतर नेतृत्व का असंतुलन एक बड़ी कमजोरी भी है। तेजस्वी यादव की लोकप्रियता सीमित क्षेत्रों में केंद्रित है और कांग्रेस की पकड़ कमजोर पड़ चुकी है। यदि विपक्षी गठबंधन एकजुट रह सका और भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराध जैसे मुद्दों को जनता के बीच जीवंत बनाए रख सका तो मुकाबला बेहद करीबी हो सकता है अन्यथा एनडीए सत्ता-विरोधी लहर को भी 'स्थायित्व और सुशासन' की ढ़ाल से झेल लेगा। एक और बड़ा प्रश्न यह है कि क्या बिहार में इस बार महिला मतदाता कोई निर्णायक बदलाव ला पाएंगी? यह प्रश्न इसलिए अहम है क्योंकि 2005 से लेकर 2020 तक हर चुनाव में महिला मतदाताओं का रुझान उस दल की जीत से जुड़ा रहा है, जिसने उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सुविधा का भरोसा दिलाया। यदि महिलाएं एनडीए की योजनाओं से प्रभावित हुई तो यह गठबंधन को बढ़त दिला सकता है लेकिन यदि उन्हें लगे कि उनके जीवन में वास्तविक सुधार नहीं हुआ तो वे बदलाव का विकल्प चुन सकती हैं।

बिहार का यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं बल्कि राजनीतिक संस्कृति के संक्रमण का चुनाव है। एक तरफ 'सुशासन बाबू' की थकान और सत्ता के स्थायित्व की कहानी है, दूसरी ओर नई पीढ़ी की उम्मीदें और बदलाव की मांग। बीच में प्रशांत किशोर जैसा तीसरा विकल्प है, जो राजनीति के पुराने समीकरणों को चुनौती दे रहा है। यह चुनाव बताएगा कि बिहार अब भी परंपरागत जातीय राजनीति में बंधा है या वह सामाजिक-आर्थिक मुद्दों को केंद्र में रखकर नई दिशा चुनने को तैयार है। 14 नवंबर को जब नतीजे आएंगे तो केवल यह नहीं बताएंगे कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा बल्कि यह भी उजागर करेंगे कि बिहार का जनमत अब भी बीस वर्षों पुराने भरोसे पर टिका है या नई सोच की ओर अग्रसर हो चुका है। मोकामा जैसी घटनाएं, बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार के आरोप, बेरोजगारी और पलायन की त्रासदी ने बिहार के मतदाताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया है। इस चुनाव के नतीजे केवल सत्ता नहीं, बिहार की राजनीति की आत्मा को भी नया रूप देंगे। यह चुनाव बिहार के लिए वह मोड़ साबित हो सकता है, जहां से राज्य या तो भविष्य की ओर छलांग लगाएगा या फिर अतीत के साए में लौट जाएगा, जहां 'जंगल राज' और 'मंगल राज' के बीच केवल जनता की समझदारी की दीवार खड़ी है।

## वर्ग पहेली नं. 3252

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | | ■ | 6 | | 7 |
| 8 | | | ■ | 9 | | 10 | ■ | 11 | |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | | ■ | 19 | 20 | |
| ■ | 21 | | | ■ | ■ | 22 | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 23 | | | ■ | | ■ |
| 24 | | 25 | | | ■ | ■ | 26 | | 27 |
| | ■ | | ■ | 28 | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) सूर्य; यार, 2) सुगंध, 5) काला-कलूटा, 6) वाद-विवाद, 8) गीत, 9) मेघ, 11) मुखस्राव, 12) व्यसन, 14) गीत-प्रस्तुति, 16) नस, 18) कमज़ोर, 19) अधिक प्रबल, 21) चंद्रमा, 22) सूर्य, 23) सत्ताधिकार, 24) यतीमख़ाना, 26) अगवानी, 28) गायब.

*ऊपर से नीचे:-* 1) सब से मेलजोल रखनेवाला, 2) घूँघट, 3) सहायक, 4) शुरुआती, 5) पराकाष्ठा, 7) सिखों की उपाधि, 10) मत; परामर्श, 13) पर्यन्त, 15) निगाह, 17) महकना, 20) अत्यंत शक्तिशाली; हनुमान, 22) कपासी, 23) चुनाई; नियुक्त, 24) भोज्य पदार्थ, 25) पुलिस चौकी, 26) ज़ायका, 27) विशिष्ट परिस्थिति में.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धीं | ■ | मे | रा | ■ | गु | न | गु | ना | ■ |
| गा | ■ | ह | ■ | मु | ना | दी | ■ | ते | रा |
| म | क्ख | न | ■ | व | ह | ■ | अ | ■ | ष्ट्री |
| स्ती | ■ | त | र | क्की | ■ | ए | क | रा | य |
| ■ | अं | क | ■ | ल | ■ | ■ | सी | खा | ■ |
| पं | च | श | र | ■ | श | ह | र | ■ | प |
| द | ल | ■ | था | का | व | ट | ■ | मा | रे |
| र | ■ | से | ■ | ट | ■ | क | ■ | ■ | शा |
| ह | ड़ | ब | ड़ा | ना | ■ | ना | ज़ | नी | न |

## सुडोकू-पहेली-3209

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | | | | 9 | | | 4 | |
| 5 | 3 | | | | 1 | | | |
| 8 | | | | 1 | | 2 | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 7 | 6 | | | | | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 5 |
| 1 | | | | | | 7 | | |
| | | 4 | | 8 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3208 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 7 | 6 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 8 |
| 7 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 6 | 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 2 | 1 | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | 9 |

# एसआईआर की घोषणा के बाद बंगाल में घुसपैठियों में दहशत, भाग रहे बांग्लादेश

❑ **सीमावर्ती इलाकों से बांग्लादेश पलायन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषणा के बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों, रोहिंग्यायों में दहशत का माहौल है। सूत्रों के मुताबिक राज्य के सीमावर्ती इलाकों से बड़ी संख्या में घुसपैठिए बांग्लादेश भाग रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) सूत्रों के मुताबिक बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र से पिछले चार दिनों में बांग्लादेश भागने की फिराक में



करीब 400 घुसपैठिए धराए हैं। दरअसल, एसआईआर की घोषणा के कुछ माह पहले से ही बंगाल के सीमावर्ती इलाकों से बांग्लादेशियों का बांग्लादेश भागने का सिलसिला शुरू हो गया है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को यह डर सता रहा है कि अगर एसआईआर लागू हुआ, तो उन्हें बांग्लादेश भेजा जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक एसआईआर की घोषणा के बाद घरों में काम करने वाली अनेक महिलाएं बांग्लादेश चली गई हैं। सीमावर्ती जिलों उत्तर 24 परगना, नदिया, मुर्शिदाबाद, मालदह के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में घरों में काम करने वाली महिलाएं बांग्लादेश भाग गई हैं। कई महिलाओं ने स्वीकार किया कि वे बांग्लादेश लौट रही हैं और बाद में वापस आएंगी।

### बैंकों से पैसे निकाल रहे हैं लोग

**बीरभूम जिले के इलमबाजार के कई लोगों ने बैंकों से अपनी सारी जमा राशि निकालनी शुरू कर दी है। इन्हें डर है कि अगर एसआईआर लागू हुआ, तो उनके बैंक खाते बंद हो सकते हैं। कई लोगों को यह डर सता रहा है कि अगर उनका नाम 2002 की मतदाता सूची में नहीं है, तो उन्हें बांग्लादेश भेजा जा सकता है।**

### बशीरहाट में भारत-बांग्लादेश सीमा पर 48 बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट सीमा क्षेत्र में 48 बांग्लादेशी घुसपैठियों को अवैध रूप से दूसरे देश में जाने की कोशिश करने के दौरान गिरफ्तार किया गया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषणा के बाद ये घुसपैठिए भारत छोड़ने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि रविवार को बीएसएफ ने 33 बांग्लादेशियों को पकड़कर स्वरूपनगर पुलिस थाने को सौंप दिया जबकि शनिवार की रात 15 अन्य को गिरफ्तार किया गया। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में घरेलू सहायकों व दिहाड़ी मजदूरों के तौर पर काम करते थे। उन्होंने कहा कि एसआईआर की घोषणा के बाद हिरासत में लिए जाने या निर्वासित किए जाने के डर स वे अपने देश लौटने की कोशिश कर रहे थे।

कोलकाता पुलिस के पांच थानों की सीमाओं का पुनर्विन्यास

## पार्क स्ट्रीट और अलीपुर थाने का क्षेत्र बढ़ाया गया

**कोलकाता :** शहर में पुलिस प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए कोलकाता पुलिस ने पांच थानों की सीमा का पुनर्निर्धारण किया है। जिन थानों की सीमाओं में परिवर्तन किया गया है, वे हैं - अलीपुर, पार्क स्ट्रीट, वाटगंज, न्यू मार्केट और एकबालपुर।

नए आदेश के तहत अलीपुर और पार्क स्ट्रीट थानों का क्षेत्रफल बढ़ा दिया गया है। अब लिंडसे स्ट्रीट और सदार स्ट्रीट, जो पहले न्यू मार्केट थाने के अंतर्गत आती थीं, उन्हें पार्क स्ट्रीट थाना क्षेत्र में शामिल किया गया है।

दूसरी ओर, न्यू मार्केट, वाटगंज और एकबालपुर थानों के क्षेत्र सीमित कर दिए गए हैं। इस पुनर्विन्यास के साथ, इन तीन थानों




की प्रशासनिक जिम्मेदारी और भौगोलिक दायरा घटा है।

कोलकाता पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस निर्णय को नग़रपाल मनोज वर्मा की ओर से अनुमोदित किया गया है और यह शनिवार से लागू हो गया है। वर्तमान में कोलकाता शहर में कुल 91 थाने कार्यरत हैं, जिनमें से इन पांच थानों की नई सीमाएं विशेष रूप से प्रशासनिक सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तय की गई हैं।

## उत्तर बंगाल में तूफान से कितना नुकसान?

### नवान्न में समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**कोलकाता :** उत्तर बंगाल में हालिया चक्रवात 'मंथा' के प्रभाव से हुए नुकसान की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव मनोज पंत ने नवान्न में एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस समीक्षा बैठक में उत्तर बंगाल के पांच जिले - दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, अलीपुरद्वार और कालिम्पोंग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

पिछले दो-तीन दिनों से जारी तेज़ आंधी और वर्षा के कारण इन जिलों में कितना नुकसान हुआ, इस पर मुख्य सचिव ने विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

सूत्रों के अनुसार, जपाईगुड़ी जिले में लगभग एक हजार लोगों को अब भी राहत शिविरों में रखा गया है। वहीं अलीपुरद्वार में 150 लोग और दार्जिलिंग में भी कई परिवारों को



अस्थायी कैम्पों में शरण दी गई है।

बैठक में मुख्य सचिव मनोज पंत ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुधिया पुल के आसपास विशेष सतर्कता बरती जाए और राहत शिविरों को कम से कम दो से तीन दिन और संचालित रखा जाए, ताकि प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता मिलती रहे।

प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और बिजली, सड़क और जलापूर्ति बहाल करने के कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं।

## एसआईआर के दौरान अधूरे फार्मों की अलग मतदाता सूची प्रकाशित करेगा चुनाव आयोग

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में चार नवंबर से शुरू होने वाले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के साथ, भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने घोषणा की है कि वह उन मतदाताओं की एक अलग सूची प्रकाशित करेगा जिनके विधिवत भरे हुए गणना फार्म निर्धारित समय के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय तक नहीं पहुंच हैं या फार्म अधूरे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची का मसौदा नौ दिसंबर को जारी किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि सूची जारी होने से पहले, आयोग




उन लोगों के नामों का खुलासा करेगा जिनके फार्म जमा नहीं हुए हैं, उन्हें मृत, फर्जी या स्थानांतरित मतदाता के रूप में वर्गीकृत करेगा। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य मसौदा सूची से वास्तविक मतदाताओं के बाहर होने के संबंध में किसी भी गलतफहमी को रोकना है। पुनरीक्षण प्रक्रिया तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में चार नवंबर से, बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) घरों में जाकर गणना फार्म वितरित और एकत्र करेंगे। इस चरण के बाद मसौदा सूची प्रकाशित की जाएगी। दूसरे चरण में, राजनीतिक दलों और व्यक्तिगत मतदाताओं को मसौदा सूची पर आपत्तियां या सुधार दर्ज करने की अनुमति होगी, जिसकी आयोग द्वारा समीक्षा की जाएगी। अंतिम चरण में, निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) शिकायतों का समाधान करेंगे, जिसके बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। पूरी प्रक्रिया मार्च 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है। बंगाल में आखिरी एसआईआर 2002 में हुआ थी।

## चापड़ा में बीएसएफ जवानों पर किसान को बांग्लादेशी समझकर पीटने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीएसएफ के जवानों पर एक किसान को बांग्लादेशी नागरिक होने के शक में पीटने का आरोप लगा है। यह घटना रविवार को नदिया जिले के चापड़ा थाना इलाके में हुई। घायल किसान रफीकुल मोल्लाह ने बीएसएफ जवानों के खिलाफ चापड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज की है। घटना के बाद हटखोला गांव में तनाव बढ़ गया है। यह गांव चापड़ा थाने के अंतर्गत आता है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, सुबह में रफीकुल हटखोला गांव में एक चाय की दुकान पर कुछ गांव वालों से बात कर रहा था। वह उसी इलाके का रहने वाला है और पेशे से किसान है। तभी, अचानक कुछ बीएसएफ के जवान वहां आ आए। उसे मुझे जबरदस्ती उठाकर ले गए और काफी देर तक एक जगह बिठाए रखा। उन्होंने उसे बांग्लादेशी समझकर परेशान किया। वे चाहते थे कि वह मान ले कि वह दूसरी तरफ से घुसपैठ करके आया है। किसान ने आगे आरोप लगाया कि जब उन्होंने उनके दावे को मानने से इनकार कर दिया, तो बीएसएफ जवानों ने उनकी पिटाई की। उन्होंने उसके पैरों में जंजीरें बांध दीं और उसे बुरी तरह पीटा। बाद में, किसान को एक लोकल हॉस्पिटल ले जाया गया और अभी उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में स्थानीय थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। कृष्णानगर पुलिस जिले की डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (डीएसपी) शिल्पी पॉल ने कहा कि हमें बीएसएफ कंपनी कमांडर और एक वर्कर के खिलाफ मारपीट की लिखित शिकायत मिली है। हमने कंपनी कमांडर से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह अभी असम में हैं। हम मामले की जांच कर रहे हैं।

### बीएलए की नियुक्ति में भाजपा सबसे आगे तो तृणमूल सबसे पीछे

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) की नियुक्ति में मुख्य विपक्षी दल भाजपा सबसे आगे है, वहीं सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस सबसे पीछे है। माकपा दूसरे स्थान पर है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, गत 30 अक्टूबर तक भाजपा ने 294 बीएलए-1 व 7,912 बीएलए-2 की नियुक्ति की है। माकपा 143 बीएलए-1 व 6,175 बीएलए-2 की नियुक्ति कर चुकी है, जबकि तृणमूल ने अब तक सिर्फ 36 बीएलए-1 व 2,349 बीएलए-2 की नियुक्ति की है।

### दमदम में ट्यूशन से घर के लिए निकली छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, 3 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना गत शनिवार की शाम को हुई थी। जानकारी के अनुसार, दमदम की एक 7वीं क्लास की छात्रा शनिवार की शाम ट्यूशन पढ़ने गई थी। वापस आते वक्त वह एक दोस्त से मिली। इसके बाद, दोनों कमलापुर पार्क में बैठकर काफी देर तक बातें करते रहे। फिर, दो और लड़के वहां आए। आरोप है कि तीनों लड़कों ने लड़की को जबरदस्ती ई-रिक्शा में बैठाया। लड़की ने भागने की बहुत कोशिश की, लेकिन बच नहीं पाई। आरोपी उसे मोतीलाल कॉलोनी नंबर 2 के हरिजन बस्ती ले गए। वहां एक झोपड़ी में तीनों ने मिलकर लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक, छात्रा किसी तरह आरोपी के चंगुल से बचकर घर लौट आई। इसके बाद, उसकी हालत में देखकर परिवार वालों को शक हुआ। जब उसके माता-पिता ने जोर देकर पूछा तो पीड़िता ने आपबीती सुनाई। इस मामले में पीड़िता ने देर रात दमदम थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के परिवार ने गिरफ्तार आरोपियों के लिए कड़ी सजा की मांग की। गिरफ्तार किए गए युवकों को बैरकपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस कस्टडी मांगेगी।

## दक्षिण दिनाजपुर के एक गांव में दो साल से रह रहे हैं दो बांग्लादेशी, नहीं हो रही कार्रवाई : सुकांत मजूमदार

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता सुकांत मजूमदार ने रविवार को आरोप लगाया कि दक्षिण दिनाजपुर जिले में दो बांग्लादेशी दो साल से अधिक समय से अवैध रूप से रह रहे हैं, लेकिन पुलिस ने विफल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर कोई कार्रवाई नहीं की। मजूमदार ने दावा किया कि पुलिस उदासीन बनी रही, क्योंकि ऐसे लोग सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के वोट बैंक हैं। उन्होंने बताया कि दोनों व्यक्तियों के बांग्लादेशी पहचान पत्रों की प्रतियों के साथ एक लिखित शिकायत दक्षिण दिनाजपुर जिले के बंसीहारी थाने में दी गई है। प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बंसीहारी क्षेत्र के लालपुर गांव के



निवासी फिरोज मियां द्वारा पुलिस में लगभग दो साल पहले दर्ज कराई गई शिकायत की एक प्रति साझा की। उन्होंने दावा किया कि दक्षिण दिनाजपुर जिले के अंतर्गत बंसीहारी थाने में दो बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ बार-बार लिखित शिकायत के बावजूद, राज्य पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। दोनों कथित घुसपैठियों की पहचान लवली बेगम और अब्दुल मन्नान के रूप में हुई है। भाजपा नेता ने कहा कि भले ही, शिकायतकर्ता ने पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य (आरोपी व्यक्तियों के बांग्लादेश के फोटोयुक्त पहचान पत्र) उपलब्ध कराए हों, फिर भी पुलिस पूरी तरह से उदासीन बनी हुई है। इसका एक ही कारण है - असफल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सख्त निर्देश कि किसी भी अवैध घुसपैठिए के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने पोस्ट में दावा किया कि पुलिस इन कथित घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है, क्योंकि ममता बनर्जी सरकार वोट बैंक को बरकरार रखने के लिए राष्ट्र की सुरक्षा के हितों को ताक पर रख रही है।

कृष्णानगर में जगद्धात्री पूजा विसर्जन को लेकर हंगामा

## शुभेंदु अधिकारी ने पुलिस पर लगाया हिंदुओं पर अत्याचार का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने जगरद्धात्री पूजा विसर्जन के दौरान हुई कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने शनिवार की रात अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि कृष्णनगर कोतवाली थाने के आईसी अमलेंदु विश्वास की भाषा और बर्ताव से यह साफ जाहिर होता है कि ममता बनर्जी की पुलिस हिंदुओं को किस नजर से देखती है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि कृष्णानगर में इस वर्ष जगद्धात्री पूजा का उल्लास चरम पर था। नवमी की



शाम से ही बारिश के बावजूद हजारों श्रद्धालु विभिन्न पंडालों में उमड़ पड़े थे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन को पहले से ही इतनी बड़ी भीड़ को देखते हुए विसर्जन के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम करने चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उनके अनुसार, सुबह से ही विसर्जन का उत्साह शुरू हो गया था, और शाम होते-होते शहर के हाइ स्ट्रीट चौक से राजबाड़ी तक भारी भीड़ उमड़ आई। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस की ओर से व्यवस्था में कमी रही, जिससे अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि स्थिति को नियंत्रित करने के बजाय पुलिस ने हिंदू श्रद्धालुओं पर अनुचित और अत्यधिक बल प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि यह ममता बनर्जी सरकार की पुलिस का नया चलन बन गया है, विशेषकर जब हिंदुओं के धार्मिक अनुष्ठान, पूजा या उत्सव होते हैं। उन्होंने कृष्णानगर पुलिस जिले के एसपी अमरनाथ के. और कोतवाली थाने के आईसी अमलेन्दु विश्वास की अयोग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा कि दोनों अधिकारी प्रशासनिक रूप से विफल साबित हुए हैं। अपनी नाकामी छिपाने के लिए पुलिस ने जनता पर लाठियां बरसाईं। भाजपा नेता ने अपने पोस्ट में लिखा कि इन दोनों अधिकारियों का रिकॉर्ड प्रातिष्ठानिक भ्रष्टाचार का रहा है, और जनता के हित से अधिक ये अपने निजी स्वार्थों को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि लोगों का अपमान करने और उन पर बल प्रयोग करने का अधिकार इन अधिकारियों को किसने दिया?

## भाजपा गरीबों को मताधिकार से वंचित करने के लिए एसआईआर का दुरुपयोग कर रही : तृणमूल समर्थक मंच

**कोलकाता, समाज्ञा :** नागरिक समाज सदस्यों के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थक एक मंच ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार राज्य में गरीब नागरिकों को मताधिकार से वंचित करने के लिए मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का दुरुपयोग कर रही है। 'देश बचाओ गण मंच' में पूर्व श्रम मंत्री पूर्णेंदु बसु, पत्रकार रंतिदेव सेनगुप्ता और बंगाली उप-क्षेत्रीय संगठन जातीय बांग्ला सम्मेलन के सदस्य शामिल हैं। मंच ने एसआईआर के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन जारी रखने और जरूरत पड़ने पर कानूनी मदद लेने का संकल्प लिया। बसु ने कोलकाता प्रेस क्लब में संवाददाताओं से




बातचीत में कहा कि नागरिकता के अधिकार के बिना अवैध रूप से प्रवेश करने वालों को मतदाता सूची से बाहर रखा जाना चाहिए, लेकिन एसआईआर प्रक्रिया का इस्तेमाल राजनीतिक हितों के अनुरूप बलपूर्वक और अनुचित तरीकों से मतदाता सूची में बदलाव करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा 'देश बचाओ गण मंच' जरूरत पड़ने पर सड़कों पर उतरेगा और कानूनी कदम भी उठाएगा। भाजपा और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए। एसआईआर को भाजपा की राजनीतिक और सांप्रदायिक रणनीति का हिस्सा बताते हुए सेनगुप्ता ने कहा कि जबकि भाजपा नेता राज्य में करोड़ों अवैध प्रवासियों का हवाला देते हैं, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार बंगाल में रोहिंग्याओं की संख्या सिर्फ 102 है।

सेनगुप्ता ने आरोप लगाया कि भाजपा भले ही मुसलमानों और रोहिंग्या घुसपैठियों को निशाना बनाती है, लेकिन एसआईआर अभ्यास के तहत सबसे अधिक नुकसान हिंदुओं को हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय आंकड़ों से स्पष्ट है कि देश में 40,000 रोहिंग्याओं में से केवल 102 पश्चिम बंगाल में हैं।



जायसवाल दिवस एवं श्री सहस्त्रार्जुन जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित विराट शोभायात्रा को झंडा दिखाकर रवाना करते पूर्व विधायक संजय बक्शी, पूर्व विधायक स्मिता बक्शी, युवा नेता सौम्य बक्शी, विकास जायसवाल (डब्बू), राजेश जायसवाल, आकाश जायसवाल व अन्य।

**Name Change**

I, Khushboo Choudhary (old name) W/o Manish Kumar Choudhary, residing at Vill & P.O.- Rasidpur, P.S.- Bachwara, Dist.- Begusarai, Bihar-851128, INDIA have changed my name and shall henceforth be known as Khushboo Kumari (new name) as declared Before The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit dated on 17/10/2025. Khushboo Kumari (new name) and Khushboo Choudhary (old name) both are same and identical person.



कोलकाता में सिख समुदाय द्वारा निकाला गया नगर कीर्तन।

### बेहाला में विवाहेतर संबंध के संदेह के कारण पति ने पत्नी की हत्या की कोशिश, आत्मसमर्पण

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेहाला के ठाकुरपुकुर थाना इलाके के आनंद नगर में रविवार को कथित तौर पर एक व्यक्ति मिलन बाला ने अपनी पत्नी काजल बाला के सिर और चेहरे पर पत्थर से कुचल दिया और फिर फिर खून से सनी शर्ट पहनकर आरोपी ने थाने जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी लंबे समय से अपनी पत्नी पर किसी और के साथ सम्बंध को लेकर संदेह करता था। आरोपी के पड़ोसियों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से अनबन चल रही थी। उन्हें मिलन के काजल पर शक करता था। ऐसे में शक ने भयानक रूप ले लिया। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि रात में घर में पहले पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। फिर गुस्से में आकर मिलन ने एक भारी पत्थर उठाया और काजल के सिर और चेहरे पर एक के बाद एक कई वार कर दिए। वारदात तो अंजाम देकर मिलन खुद पुलिस थाना पहुंच गया और काजल को लहूलुहान हालत में छोड़ गया। ठाकुरपुकुर थाने के अधिकारियों ने बताया कि थाने में घुसते ही मिलन ने कहा कि मैंने सब कुछ खत्म कर दिया है। इसके बाद, पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल काजल बाला को विद्यासागर अस्पताल ले गई। बाद में, जब उसकी हालत बिगड़ी, तो उसे एसएसकेएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित कर दिया गया। फिलहाल, उसका आईसीयू में गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि मिलन को काजल पर काफी समय से शक था। आखिरकार, उस शक ने जानलेवा रूप ले लिया। उसके चेहरे और सिर पर कई टांके लगे हैं। ठाकुरपुकुर पुलिस ने मिलन बाला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पूरी घटना की जांच शुरू कर दी गई है। मिलन के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# 'एसआईआर के डर से तमिलनाडु में प्रवासी मजदूर ने दी अपनी जान', मंत्री का दावा



**पूर्व बर्दवान :** तमिलनाडु में राज्य के एक प्रवासी मजदूर की मौत के बाद राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। शनिवार की रात बर्दवान के मजदूर का शव जमालपुर स्थित उसके घर पहुंचा। मृतक का नाम बिमल सांतरा (51) बताया गया है। तमिलनाडु के एक अस्पताल में उसकी मौत हुई है। तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि मजदूर ने एसआईआर के डर से जहर खाकर अपनी जान दे दी। भाजपा ने इन आरोपों को खारिज किया। बिमल सांतरा कुछ लोगों के साथ चावल कूटने का काम करने तमिलनाडु गया था। 26 अक्टूबर को उसकी तबीयत खराब हुई। तमिलनाडु के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार को उसका निधन हो गया। परिवार ने तमिलनाडु पुलिस में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। फिर, ज़िला प्रशासन की मदद से, शनिवार की रात उनका शव उनके जमालपुर स्थित घर पहुंचाया गया। बिमल के परिजनों का दावा है कि राज्य में एसआईआर कराये जाने की घोषणा के बाद वह काफी तनाव में रह रहे थे। मृतक के परिवार की इस शिकायत के बारे में जानने के बाद, राज्य के मंत्री स्वप्न देबनाथ, तृणमूल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवींद्रनाथ चटर्जी, जमालपुर के विधायक आलोक माझी और अन्य तृणमूल नेता उसी रात बिमल सांतरा के घर पहुंचे। तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि प्रवासी मज़दूर ने एसआईआर के डर से ज़हर खाकर यह कदम उठाया। राज्य मंत्री स्वपन देबनाथ ने कहा कि कई लोग एसआईआर के डर से आत्महत्या कर रहे हैं। बिमल सांतरा ने अपनी जान ले ली। हमारे अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने मुझे और जिला अध्यक्ष रबीबाबू को फोन किया और उनके परिवार के साथ रहने के लिए कहा, इसलिए हम उनके घर गए हैं। इस मौत के लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार है। जिस तरह से उन्होंने एसआईआर शुरू किया है, खुद को जीवन समाप्त करने के मामलों की संख्या एक के बाद एक बढ़ रही है। ममता बनर्जी ने इसके खिलाफ विरोध शुरू कर दिया है। विरोध में एक बड़ा आंदोलन शुरू होगा। हम लोगों को विश्वास दिलाते हैं कि हम उनके साथ हैं।

## मुर्शिदाबाद में भारत-बांग्लादेश सीमा पर 55 लाख का सोना जब्त, तस्कर गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** बीएसएफ ने मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास से एक तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर के कब्जे से 55 लाख रुपए के सोने के बिस्किट जब्त किए गए। बीएसएफ के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि बॉयराघाट बॉर्डर आउटपोस्ट पर तैनात 71वीं बटालियन बीएसएफ के जवानों को खुफिया जानकारी मिली थी कि उनके इलाके से सोने की तस्करी की कोशिश की जा रही है। चेकपॉइंट पर तैनात जवानों को तुरंत हाई अलर्ट कर दिया गया। सुबह करीब 10 बजे, उन्होंने एक आदमी को मोटरसाइकिल पर आते देखा। शख्स की हरकतें संदिग्ध लगने पर जवानों ने उसे रोका और उसकी अच्छी तरह तलाशी ली। अधिकारी ने आगे कहा कि तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल के फुटरेस्ट के अंदर दो सोने के बिस्किट और सोने के दो छोटे टुकड़े छिपे हुए मिले। उस आदमी को पूछताछ के लिए बॉयराघाट बीओपी ले जाया गया। उन्होंने बताया कि वह आदमी आईबीबी के पास, रघुनाथगंज पुलिस स्टेशन इलाके के पिरोजपुर गांव का रहने वाला है और वह बांग्लादेश से तस्करी करके लाया गया सोना ले जा रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने दावा किया कि मोटरसाइकिल उसे एक लोकल आदमी ने दी थी, जिसे उसे किसी दूसरे आदमी को देना था और जब उसने मोटरसाइकिल ली तो सोना पहले से ही फुटरेस्ट के अंदर था। अधिकारी ने आगे बताया कि आरोपी को इस काम के लिए 2 हजार रुपए देने का वादा किया गया था, लेकिन बीएसएफ के जवानों ने उसे पकड़ लिया। अधिकारी ने कहा कि जब्त किए गए सोने का वजन 461.29 ग्राम था। इसकी अनुमानित कीमत 55,35,480 रुपए है। गिरफ्तार तस्कर को जब्त सोने और मोटरसाइकिल के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है।

### घाटाल में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर, तीन युवक घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के घाटाल थाना क्षेत्र में रविवार शाम को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना श्यामगंज के पास हुई। तीनों गड़बेता राजपुर ग्राम के निवासी हैं। इनके नाम गियासुद्दीन मलिक, रहमत खान और मोक्तार दलाल हैं। सूत्रों के अनुसार, तीनों युवक घाटाल से घर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सवार सड़क पर गिर गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को पहले घाटाल उपसंभागीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए विष्णुपुर अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आऩन्दलोक के संस्थापक देवकुमार सराफ नहीं रहे



**कोलकाता :** आनन्दलोक अस्पताल समूह के संस्थापक देवकुमार सराफ का रविवार प्रातः 3.47 बजे आनन्दलोक अस्पताल में देहावसान हो गया। वे 85 वर्ष के थे। नीमतल्ला श्मशान घाट पर उनकी अंत्येष्टि की गयी। वे अपने पीछे धर्मपत्नी तथा दो पुत्र-दामाद का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। पिछले लगभग दो महीनों से वे अस्पताल में ही चिकित्साधीन थे। वर्ष 1981 में बांगुड़ एवेन्यू में एक साधारण से गैरेज में चिकित्सा सेवा शुरू करने वाले सराफ ने कालान्तर में साल्टलेक में तीन बड़े अस्पतालों की स्थापना की। रानीगंज एव बेलडांगा में भी अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी अस्पतालों की स्थापना की। श्री सराफ अपने अभावपूर्ण बचपन के दिनों को कभी नहीं भूलते थे। पैसे के अभाव में उनके अनुज की मृत्यु हुई थी। इसी के बाद उन्होंने संकल्प लिया कि गरीबों के लिए अस्पताल बनवाकर साधारण परिवारों को कम शुल्क पर चिकित्सा सेवा प्रदान करूंगा और ऐसा उन्होंने कर दिखाया। आनन्दलोक में मात्र 45 हजार रुपए में बाईपास सर्जरी का ईलाज करने की सुविधा प्रदान करने वाले डीके सराफ ने सेवा के क्षेत्र में बहुआयामी कार्य किए. इनमें गरीबों की कच्ची झोपड़ियों को पक्के मकान में बदलवाकर देना, हजारों गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह, छात्र-छात्राओं को पुस्तकें तथा स्कूल फीस में मदद करना शामिल है। विभिन्न उत्सवों पर गरीबों को उपहार स्वरूप वस्त्र, राशन, अन्य उपयोगी सामान आदि देना उनका नियमित सेवाकार्य था। श्री सराफ अपनी बेबाकी के लिए प्रायः चर्चा में रहते थे। धार्मिक कथाओं में विलासितापूर्ण खर्च तथा विवाह-समारोहों में आडम्बर के खिलाफ उन्होंने सदैव आवाज बुलन्द की। आनन्दलोक अस्पताल के चेयरमैन अरुण पोद्दार, ट्रस्टी विष्णु फोगला, के.सी. अग्रवाल तथा उनके दामाद द्वय डा. जितेंद्र शाह एवं संजय झाझड़िया, दोनों बेटियां, आनन्दलोक के सैकड़ों स्टाफ एवं प्रकाश चण्डालिया, दीपू शर्मा सहित कईलोगों ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।

देवकुमार सराफ की स्मृति में आनंदलोक अस्पताल के ओपीडी में रविवार को निःशुल्क सेवा प्रदान की गयी। यह सुविधा आज यानी सोमवार को भी उपलब्ध रहेगी।

## एसआईआर की कवायद घुसपैठियों को बेनकाब करने के लिए जरूरी : शुभेंदु अधिकारी



**पूर्व मेदिनीपुर :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि राज्य में रह रहे घुसपैठियों को बेनकाब करने के लिए निर्वाचन आयोग का यह कदम बेहद आवश्यक है। शुभेंदु अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की मदद से वर्षों से राज्य में रह रहे घुसपैठियों को बेनकाब किया जाएगा, उनका पता लगाकर उन्हें निर्वासित किया जाएगा। भाजपा नेता ने कहा कि उन्हें (घुसपैठियों को) पकड़कर निर्वासित किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने 'एसआईआर' के जरिए सही इलाज किया है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि देखिए, कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए अपने ही देश भागने की कोशिश करते हुए बीएसएफ द्वारा पकड़े जा रहे हैं। ये सारे घटनाक्रम निर्वाचन आयोग द्वारा 'एसआईआर' की घोषणा के बाद सामने आए हैं।

भाजपा विधायक ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मुस्लिम और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के भारतीय नागरिकों को 'एसआईआर' को लेकर डरने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों और रोहिंग्याओं का पता लगाया जाएगा और पहचान के बाद उन्हें निर्वासित किया जाएगा। भाजपा नेता ने बताया कि पार्टी सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख करेगी और चार नवंबर को आगरपाड़ा में रैली आयोजित करने की अनुमति मांगेगी। इस रैली का उद्देश्य तृणमूल कांग्रेस द्वारा इलाके में हाल ही में हुई एक अप्राकृतिक मौत को निर्वाचन आयोग के 'एसआईआर' अभियान के खिलाफ राजनीतिक रंग देने के प्रयास को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पक्षपातपूर्ण पुलिस ने हमें रैली आयोजित करने की अनुमति नहीं दी है। हम अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए न्यायपालिका का रुख करेंगे।

# व्यवसायी के अंग तीन व्यक्तियों को देंगे नया जीवन, एक को मिलेगी रोशनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** 57 वर्षीय कोलकाता के व्यवसायी पृथ्विश रंजन गयन के अंग अब तीन लोगों को नया जीवन और एक व्यक्ति को दृष्टि प्रदान करेंगे। गिरिश पार्क निवासी गयन के परिवार ने उनके ब्रेन डेड घोषित होने के बाद अपोलो मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में अंगदान का निर्णय लिया। अक्टूबर महीने में शहर में कोई भी अंगदान नहीं हुआ था, ऐसे में यह वर्ष 2025 का 16वां अंगदान है। परिजनों के अनुसार, गयन को गुरुवार रात ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। उन्हें तत्काल अपोलो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच में पाया कि मरीज को अपरिवर्तनीय ब्रेन स्टेम डेथ हुई है। दो लगातार परीक्षणों में इसकी पुष्टि होने के बाद परिवार को सूचित कर अंगदान के लिए परामर्श दिया गया। गयन के पुत्र आर्चिस्मन, जो मर्चेंट नेवी में कार्यरत हैं, ने कहा कि हमें अंगदान के बारे में जानकारी तो थी, लेकिन प्रक्रिया की बारीकियां नहीं पता थीं। डॉक्टरों ने विस्तार से समझाया कि मेरे पिता के अंग कई लोगों को जीवन दे सकते हैं। हमने भावनाओं पर काबू पाकर अंगदान का निर्णय लिया। गयन की पत्नी बनश्री, बेटी अरुंधती और अन्य परिजनों ने भी इस निर्णय में समर्थन दिया। गयन गिरिश पार्क स्थित एक वॉटर प्यूरीफायर ब्रांड के अधिकृत सर्विस सेंटर का पारिवारिक व्यवसाय चलाते थे। डॉक्टरों ने उनके लीवर और किडनी को प्रत्यारोपण योग्य पाया। रोट्टो (पूर्व) ने लीवर और एक किडनी को अपोलो में क्रमशः 42 वर्षीय पुरुष और 41 वर्षीय महिला मरीजों को आवंटित किया, जबकि दूसरी किडनी एसएसकेएम अस्पताल में 19 वर्षीय युवक को दी गई। कॉर्निया को दिशा आई हॉस्पिटल के आई बैंक को सौंपा गया। सभी प्रत्यारोपण शल्यक्रियाएं शनिवार को पूरी की गईं। इस दान के साथ राज्य में अंगदान की संख्या 2023 के सर्वाधिक 16 दानों के बराबर पहुंच गई है। अब जबकि वर्ष 2025 के दो महीने शेष हैं, अंगदान से जुड़े संगठनों को उम्मीद है कि इस वर्ष यह आंकड़ा नया कीर्तिमान बनाएगा।

## मुर्शिदाबाद में ट्रेन की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत, एक गंभीर घायल

**मुर्शिदाबाद :** जिले के शमशेरगंज इलाके में रविवार को रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत हो गई और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना सुबह में मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज के निमतीता के नोतुन शिबनगर इलाके में हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एक लाइन पर बालुरघाट जाने वाली एक ट्रेन निमतीता से धुलियान की तरफ जा रही थी। तभी, दूसरी लाइन पर एक मालगाड़ी आ गई। अंडरपास में पानी जमा होने के कारण उस समय चार बच्चे रेलवे ट्रैक पार कर उस तरफ जा रहे थे। अचानक दोनों लाइनों पर ट्रेन को आते देख बच्चों ने भागने की कोशिश की। लेकिन उनमें से तीन की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के नाम आर्यन शेख, रिहात शेख और जिसान शेख हैं। तीनों की उम्र क्रमशः 7, 7 और 9 साल है। हादसे के बाद, आसपास के लोग घायल बच्चे को बचाने के लिए दौड़े। खबर मिलते ही रेलवे पुलिस और शमशेरगंज थाने की पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य बच्चे को गंभीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में से दो बच्चे नोतून शिवनगर इलाके के थे। तीसरा मधुपुर का रहने वाला था। उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## कोलकाता हवाई अड्डे के नए निदेशक बने विक्रम सिंह

**कोलकाता, समाज्ञा**



एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डा, कोलकाता के नए निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है। उन्होंने यह पद डॉ. पी. आर. बेउरिया के सेवानिवृत्त होने के बाद ग्रहण किया है। लगभग तीन दशकों के अनुभव वाले श्री सिंह ने वर्ष 1995 में एएआई में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, इंडियन एविएशन एकेडमी (आईएए) नई दिल्ली और एएआई के कॉरपोरेट मुख्यालय में कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और परिचालन पदों पर कार्य किया है।

दिल्ली विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक और बीआईटी मेसरा, रांची से एमबीए की उपाधि प्राप्त श्री सिंह ने हवाई अड्डा संचालन, एयरसाइड प्रबंधन, स्लॉट आवंटन, प्रशिक्षण और परिवर्तन प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वे आईसीएओ प्रमाणित कोर्स डेवलपर हैं और हवाई अड्डा पेशेवरों के लिए कई प्रशिक्षण मॉड्यूल एवं ई-लर्निंग पाठ्यक्रम विकसित कर चुके हैं। उनकी प्रमुख उपलब्धियों में विशेष आयोजनों के दौरान बड़े पैमाने पर उड़ान संचालन का सफल प्रबंधन, विमान पार्किंग एवं स्लॉट आवंटन नीतियों के निर्माण और कोलकाता, पटना व कुशीनगर हवाई अड्डों पर नए बुनियादी ढांचे के परिचालन में योगदान शामिल है। श्री सिंह ने कहा कि वे यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा मानकों और परिचालन दक्षता को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, साथ ही नवाचार और सतत विकास के माध्यम से एएआई की उत्कृष्टता की दृष्टि को साकार करेंगे।

### हरिशचंद्रपुर में नवजात शिशु की मौत पर अस्पताल में प्रदर्शन



**मालदह :** जिले के हरिशचंद्रपुर में तीन दिन के नवजात शिशु की मौत पर तनाव फैल गया है। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। नवजात शिशु के परिजनों ने रविवार को हरिश्चंद्रपुर ब्लॉक एक नंबर ग्रामीण अस्पताल के सामने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। घटना की खबर मिलने पर हरिशचंद्रपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि हरिशचंद्रपुर के पिपला गांव निवासी मानिक दास की पत्नी नेहा विश्वास ने 31 तारीख को हरिशचंद्रपुर ग्रामीण अस्पताल में एक शिशु को जन्म दिया था। शिशु स्वस्थ और सामान्य था। रविवार सुबह शिशु की हालत अचानक बिगड़ गई। उस समय जब डॉक्टर को इसकी सूचना दी गई, तो डॉक्टर ने कथित तौर पर परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, डॉक्टर की मनाही के बावजूद बच्चे को बाहरी दूध पिलाया गया था। दूध उसके गले में अटक गया और बच्चे की मौत हो गई। नेहा दास के मामा संतू दास ने कहा कि शिशु को बाहरी दूध नहीं पिलाया गया था। अगर समय पर इलाज मिल जाता, तो शिशु बच सकता था। इस संबंध में कार्यवाहक प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. छोटन मंडल ने कहा कि घर के लोगों के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे को बाहर से दूध पिलाने की घटना के बारे में उन्होंने सुना है। घटना की जांच की जा रही है।

## चंडीतल्ला में श्याम बाबा जन्मोत्सव पर भव्य निशान यात्रा, सैकड़ों भक्तों ने लिया भाग



**हुगली :** श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चंडीतल्ला स्थित श्री श्याम मंदिर में इस वर्ष भी पारंपरिक निशान यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ यह धार्मिक यात्रा संपन्न की। निशान यात्रा हिंदुस्तान पार्क, न्यू अलीपुर से आरंभ होकर भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच श्री श्री श्याम मंदिर, चंडीतल्ला पहुंचकर पूर्ण हुई। पूरे मार्ग में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और वातावरण जय श्री श्याम के नारों से गूंज उठा। बताया गया कि इस यात्रा में 700 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, भजन संध्या और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन चंडी मंदिर उन्नयन परिषद के सभापति तरक सिंह की अध्यक्षता में किया गया, जबकि मंदिर सचिव अमित सिंह, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी एवं सौरव अग्रवाल, पवन बंसल ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कलकत्ता बॉयज स्कूल में संपन्न हुआ 9वां क्लिफर्ड हिक्स अंतरराष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता




**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता बॉयज स्कूल लिटरेरी सोसाइटी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम 9वां क्लिफर्ड हिक्स अंतरराष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल चरण में देश-विदेश के सात विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपने वाक्-कौशल, तर्कशक्ति और विचारों की प्रभावशीलता का प्रदर्शन किया। वाद-विवाद का विषय था - यह सदन मानता है कि विज्ञापनों में मनोवैज्ञानिक और प्रेरक तकनीकों का प्रयोग नैतिक रूप से गलत और अस्वीकार्य है। इस प्रतियोगिता की शुरुआत वर्ष 2015 में विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य क्लिफर्ड हिक्स की स्मृति में की गई थी। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित हुई।

शनिवार को हुए फाइनल में प्रत्येक विद्यालय के दो-दो प्रतिभागियों ने अपने तर्कों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कलकत्ता बॉयज स्कूल के अंतरिक्ष मंडल ने प्रस्ताव के पक्ष में कहा कि आधुनिक विज्ञापन उपभोक्ताओं को तर्कसंगत सोच से दूर कर अनजाने में निर्णय लेने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं, द बिशप्स को-एड स्कूल, उन्द्री की आरौश मुकदम ने विरोध में तर्क दिया कि उपभोक्ता की पसंद उसके नैतिक मूल्यों पर निर्भर करती है और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम झूठे विज्ञापनों से बचाव सुनिश्चित करता है। फाइनल परिणाम में लॉ मार्टिनियर फॉर गर्ल्स, कोलकाता ने श्रेणी ख में विजेता ट्रॉफी जीती, जबकि द बिशप्स को-एड स्कूल, उन्द्री और कलकत्ता बॉयज स्कूल क्रमशः प्रथम और द्वितीय उपविजेता बने। श्रेणी खख में द बिशप्स को-एड स्कूल, उन्द्री विजेता और लॉ मार्टिनियर फॉर गर्ल्स, कोलकाता उपविजेता रही।

विद्यालय के प्रधानाचार्य और सचिव राजा मैगी ने समापन सत्र में कहा कि यह आयोजन केवल वाद-विवाद नहीं, बल्कि एक ऐसा उत्सव है जो मित्रता, सहमति और असहमति - तीनों को समान रूप से सम्मान देता है।

### 2047 तक विकसित भारत बनने के लिए फिटनेस महत्वपूर्ण है: डॉ. मनसुख मंडाविया

**मुंबई/कोलकाता :** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने मुंबई के द ट्राइडेंट में आयोजित राष्ट्रीय फिटनेस एवं वेलनेस कॉन्क्लेव 2025 में नवनियुक्त फिट इंडिया आइकॉन, बॉलीवुड निर्माता रोहित शेट्टी, विश्व कप विजेता क्रिकेटर हरभजन सिंह और ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल को सम्मानित किया। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने सैयामी खेर, शिवोहम और वृंदा भट्ट को फिट इंडिया आइकॉन के रूप में सम्मानित किया और विभिन्न समुदायों में स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में उनके योगदान को मान्यता दी। फिल्म निर्देशक और निर्माता रोहित शेट्टी ने उन हेल्थ इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ चेतावनी दी है जो बिना उचित जानकारी के सोशल मीडिया पर फिटनेस का प्रचार करते हैं। ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने कहा, फिटनेस खेल संस्कृति से जुड़ी है। विश्व कप क्रिकेट चैंपियन हरभजन सिंह ने कहा कि भारत अक्सर फिटनेस की कमी के कारण मैच हार जाता है।

## पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने दिखाई सतर्कता, नाबालिग बच्चियों को बचाया



**बंडेल स्टेशन पर ऑपरेशन आहट के तहत आरपीएफ ने एक महिला मानव तस्कर को गिरफ्तार करते हुए एक नाबालिग बच्ची को बचाया।**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों की सुरक्षा और मानवता की रक्षा के अपने संकल्प को एक बार फिर सशक्त रूप में सिद्ध किया है। 1 नवंबर को आरपीएफ ने दो अलग-अलग अभियानों में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मानव तस्करी के मामले का भंडाफोड़ किया और दो नाबालिग बच्चियों को सुरक्षित बचाया। पहली घटना में, हावड़ा मंडल के बंडेल स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट की टीम ने 'ऑपरेशन आहट' के तहत कार्रवाई कर एक नाबालिग लड़की को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। इस दौरान एक महिला तस्कर ममोनी उर्फ मिमी मंडल को गिरफ्तार किया गया। बचाई गई बच्ची और आरोपी को बंडेल के जीआरपीएस को सौंप दिया गया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरी घटना में, 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के अंतर्गत आसनसोल मंडल के आरपीएफ पोस्ट/आसनसोल पश्चिम की टीम ने ट्रेन संख्या 12301 अप राजधानी एक्सप्रेस में एक नाबालिग लड़की को भटकते हुए पाया। आरपीएफ कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे सुरक्षित रूप से चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपा, जहाँ उसकी देखभाल और परामर्श की उचित व्यवस्था की गई।

## मेट्रो यात्रियों के लिए 'स्मार्ट कार्ड' ऑनलाइन रिचार्ज और यूपीआई भुगतान को बढ़ावा देने हेतु विशेष शिविर आयोजित



**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो रेल ने यात्रियों को डिजिटल भुगतान प्रणाली से अधिक परिचित कराने और टिकटिंग में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को एक विशेष पहल की। आज ब्लू लाइन, ग्रीन लाइन और येलो लाइन के सभी मेट्रो स्टेशनों पर विशेष शिविर आयोजित किए गए, जिनमें मेट्रो कर्मचारियों ने यात्रियों को डिजिटल भुगतान के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी।

इन शिविरों में यात्रियों को 'आमार कोलकाता मेट्रो' ऐप के उन्नत संस्करण और एचडीएफसी स्मार्ट गेटवे के माध्यम से जोड़ी गई नई भुगतान सुविधा के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें गूगल प्ले स्टोर और ऐप स्टोर से ऐप डाउनलोड करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

मेट्रो स्टाफ ने यात्रियों को यह भी सिखाया कि वे एएससीआरएम मशीनों के जरिए यूपीआई पेमेंट आधारित टिकटिंग सिस्टम से अपने स्मार्ट कार्ड कैसे रिचार्ज या खरीद सकते हैं तथा टोकन खरीदने की प्रक्रिया क्या है।

यात्रियों ने डिजिटल प्रणाली में विशेष रुचि दिखाई और मोबाइल आधारित क्यूआर कोड टिकट, स्मार्ट कार्ड, तथा ऑनलाइन रिचार्ज जैसी स्मार्ट सेवाओं को अपनाने की इच्छा जताई।

यात्रियों ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस डिजिटल प्रणाली से उनका कीमती समय बच रहा है, क्योंकि अब उन्हें टिकट या स्मार्ट कार्ड रिचार्ज के लिए लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ता।

मेट्रो रेलवे प्रशासन के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य कोलकाता मेट्रो में डिजिटल इंडिया मिशन के अनुरूप अधिक से अधिक यात्रियों को कैशलेस और स्मार्ट टिकटिंग व्यवस्था से जोड़ना है।

### हावड़ा में मनाया गया बलिया जनपद का 146वां स्थापना दिवस



**हावड़ा, समाज्ञा :** बलिया नागरिक उन्नयन समिति के तत्वावधान में रामेश्वर मालिया लेन, हावड़ा में बलिया जनपद का 146वां स्थापना दिवस समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बलिया के तपस्वी भृगु ऋषि की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया गया। इसके उपरांत केक काटकर और मिठाई वितरण के माध्यम से स्थापना दिवस का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर राजगृह सिंह, रमेश ठाकुर, त्रिभुवन कुमार मिश्र, दिलीप सिंह, दारा सिंह, राजेश सिंह, डॉ. बद्री नारायण उपाध्याय, शमी तिवारी, ललन सिंह, उमाशंकर चौधरी, दिलीप साव, शारदानंद सिंह, संकटा सिंह और बाबू सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार रखे तथा बलिया के समृद्ध इतिहास और गौरवशाली परंपरा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन संगठन अध्यक्ष संतोष सिंह ने किया, जबकि संयोजक राजेश सिंह ने उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बंगाल से भी बढ़ें आईपीएस-आईएएस की संख्या : कल्याण बनर्जी

## प्रतिभावान छात्रों के उज्ज्वल भविष्य हेतु श्रीरामपुर में अध्ययन केंद्र का उद्घाटन



**हुगली, समाज्ञा :** आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के उद्देश्य से श्रीरामपुर में एक नये अध्ययन केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र के माध्यम से स्थानीय युवाओं को यूपीएससी, डब्ल्यूपीएससी, बैंक, रेलवे और अन्य सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी। इस अध्ययन केंद्र का उद्घाटन रविवार को चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर अमित पी. जवालगी और श्रीरामपुर के सांसद कल्याण बनर्जी ने संयुक्त रूप से किया। यह पहल चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट और श्रीरामपुर नगरपालिका के संयुक्त तत्वावधान में शुरू की गई है।

उद्घाटन समारोह में डीसीपी श्रीरामपुर अर्णव विश्वास, एसीपी शुभंकर विश्वास, एसीपी जी. अरविंद, चांपदानी विधायक अरिंदम गुइन, श्रीरामपुर थाना प्रभारी सुखमय चक्रवर्ती, श्रीरामपुर नगरपालिका चेयरमैन गिरधारी साहा, सीआईसी संतोष सिंह, सीआईसी गौर मोहन दे, वाइस चेयरमैन उत्तम नाग,समाजसेवी बिक्की सिंह, पार्षद, पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। पुलिस कमिश्नर अमित पी. जवालगी ने कहा कि कमजोर वर्ग के लिए अध्ययन केंद्र वरदान साबित होगा। कहा हमारे कमिश्नरेट क्षेत्र में अब तक ऐसे चार केंद्र खोले जा चुके हैं और भविष्य में भी यह प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने छात्रों से कहा कि अपने भीतर आत्मविश्वास जगाइए, कोई भी परीक्षा कठिन नहीं होती। बस अपने लक्ष्य पर निशाना साधना चाहिए। अधिक से अधिक अखबार पढ़ें, इससे आपका आत्मविश्वास और ज्ञान दोनों बढ़ेंगे। इस केंद्र में पुस्तकालय की सुविधा भी होगी और आईपीएस अधिकारी स्वयं समय-समय पर छात्रों को मार्गदर्शन देंगे। मेरा उद्देश्य है कि हमारे जिले से भी अधिक से अधिक छात्र यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं उत्तीर्ण करें।

सांसद कल्याण बनर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि 2011 के बाद से बंगाल में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है। बिहार एकमात्र ऐसा राज्य है जहाँ से लगभग 50 प्रतिशत छात्र आईपीएस और आईएएस बनते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार मिलाकर लगभग 60 प्रतिशत अधिकारी इन्हीं राज्यों से आते हैं। इसलिए अब बंगाल से भी अधिक से अधिक छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में हिस्सा लेकर सफलता प्राप्त करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि

सबसे पहले उच्च शिक्षा हासिल करना आवश्यक है। जब तक हम शिक्षा के माध्यम से खुद को विकसित नहीं करेंगे, तब तक समाज में सकारात्मक बदलाव लाना संभव नहीं है। यह अध्ययन केंद्र निश्चित रूप से गरीब व प्रतिभाशाली छात्रों के लिए एक नई राह खोलेगा। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अध्ययन केंद्र श्रीरामपुर और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं के लिए शिक्षा और आत्मनिर्भरता का नया द्वार साबित होगा।

## बेकाबू बाइक की टक्कर से सिविक वॉलंटियर की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**



दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग थाना क्षेत्र के धलीरबाती मोड़ के पास शनिवार रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक सिविक वॉलंटियर की मौत हो गई। मृतक की पहचान ताजुद्दीन लस्कर (35 वर्ष) के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, शनिवार रात ताजुद्दीन लस्कर अपनी बाइक से धलीरबाती मोड़ से कैनिंग की ओर जा रहे थे। तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रही एक बेकाबू बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ताजुद्दीन लगभग 100 मीटर दूर जा गिरे। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें सड़क से उठाकर कैनिंग उप-मंडल अस्प-ताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, ताजुद्दीन एक शांत, मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। उनके असमय निधन को क्षेत्रवासी किसी भी रूप में स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। उधर, हाल के दिनों में कैनिंग उपमंडल में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोग प्रशासन से बेकाबू बाइक सवारों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## उलूबेड़िया में सड़क हादसे में महिला की मौत, पति और बेटी घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के उलूबेड़िया में मुंबई रोड स्थित पानपुर मोड़ पर रविवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत महिला की पहचान सीमा दत्त (38) के रूप में हुई है। वह झाड़ग्राम के सांकराइल की रहने वाली थीं और फिलहाल हावड़ा के लिलुआ इलाके में रहती थीं। रविवार सुबह वह अपने पति माधव दत्त और बेटी के साथ बाइक से झाड़ग्राम जा रही थीं। रास्ते में उलूबेड़िया के पानपुर मोड़ के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने नियंत्रण खोकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिर पड़े। डंपर का पहिया सीमा दत्त के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनके पति और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उलूबेड़िया शरतचंद्र चट्टोपाध्याय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घातक डंपर को जब्त कर लिया गया है, हालांकि उसका चालक फरार है। दुर्घटना के कारण इलाके में कुछ समय के लिए भारी जाम और अफरातफरी का माहौल बन गया था, जिसे बाद में पुलिस ने नियंत्रित किया।

### पश्चिम मेदिनीपुर में सड़क हादसे में चार घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के बिष्णुपुर के चौबेटा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 60 पर रविवार की शाम एक बाइक और मारुति वैन की आमने-सामने टक्कर में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को बिष्णुपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चाचर गांव के दो युवक बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, जबकि मजुरिया गांव के दो लोग मारुति वैन में यात्रा कर रहे थे। शाम करीब छह बजे चौबेटा के पास दोनों वाहनों में जोरदार टक्कर हो गई, जिससे दोनों ओर के दो-दो सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सभी घायलों को उठाकर बिष्णुपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एमसीसीआई ने आयोजित किया विशेष सत्र - नए उद्यमों और उद्यमियों के लिए वित्त पोषण के अवसरों पर हुई चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा**




मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) ने रविवार को 'नए व्यवसायों और उद्यमियों के लिए वित्त पोषण के अवसर पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया। यह कार्यक्रम दोपहर 2:30 बजे एमसीसीआई के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ। सत्र में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक सनातन मिश्रा, यूको बैंक के महाप्रबंधक प्रेम शंकर झा, एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड (बिजनेस बैंकिंग) सुजीत बोस तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के उप महाप्रबंधक सुनील कुमार ने अपने विचार साझा किए। सनातन मिश्रा ने कहा कि स्टार्टअप्स बैंक फंडिंग या सरकारी अनुदान दोनों का लाभ ले सकते हैं, परंतु उन्हें अपनी वित्तीय क्षमता और अनुशासन प्रदर्शित करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एसबीआई देश का पहला बैंक है जिसने बेंगलुरु में स्टार्टअप शाखा शुरू की थी और अब पूर्वी भारत में भी यह पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से बढ़ रहा है।

प्रेम शंकर झा ने कहा कि एमएसएमई और छोटे व्यवसायों के लिए फंडिंग व भुगतान में देरी दो प्रमुख चुनौतियां हैं। उन्होंने बताया कि यूको बैंक ने हाल ही में 34 नई ऋण योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें कई डिजिटल योजनाएं शामिल हैं। सुजीत बोस ने कहा कि उद्यमियों के लिए ब्याज दरों से अधिक महत्व व्यवसाय करने में आसानी का है। एचडीएफसी बैंक का पूरा ऋण प्रक्रिया 100% डिजिटल है, जिसमें केवल चार दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। सुनील कुमार ने उद्यमियों से समय पर ब्याज चुकाने और बैंकर को सा-झेदार की तरह देखने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन स्मराजित मित्रा, चेयरमैन - बैंकिंग, फाइनेंस एंड इंश्योरेंस काउंसिल (एमसीसीआई) ने किया, जबकि सुनील सिंघी, सह-अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### रिषड़ा में मां जगद्धात्री की प्रतिमा से गहने चोरी

**हुगली, समाज्ञा :** पूरे रिषड़ा में इन दिनों जगद्धात्री पूजा की धूम है। राज्य के विभिन्न कोनों से लोग रिषड़ा के जगद्धात्री पूजा घूमने आ रहे हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसी बीच रिषड़ा के जागरण क्लब के पंडाल में मौजूद मां जगद्धात्री की प्रतिमा पर से गहने चुरा लिए गए हैं। रविवार सुबह मामले का खुलासा तब हुआ जब क्लब के सदस्यों ने मां जगद्धात्री की प्रतिमा पर से गहने गायब देखे। जागरण क्लब के सचिव देवब्रत चंद्र ने बताया कि रविवार सुबह किसी ने मां जगद्धात्री की प्रतिमा पर मौजूद गहने चुरा लिए। प्रतिमा को सजाने के लिए लगाए गए वस्तुओं को भी फाड़ दिया गया। बहरहाल, घटना की सूचना पर रिषड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पांशकुड़ा में बिजली के खंभे से गिरकर युवक की मौत

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के पांशकुड़ा इलाके में रविवार को बिजली का काम करते समय एक युवक की मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान सौरभ सांतरा के रूप में हुई है, जो एक ठेकेदार के अधीन बिजली मरम्मत कार्य से जुड़ा हुआ था। बताया गया कि पांशकुड़ा के मेचोग्राम क्षेत्र में वह बिजली के खंभे पर चढ़कर काम कर रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने उसे गंभीर अवस्था में पांशकुड़ा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर मृत्युपरांत परीक्षण (पोस्टमॉर्टम) के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक और स्तब्धता का माहौल है।

## तेज रफ्तार बाइक और मैजिक की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत दो घायल




**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के आमता थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान शेख मुसरफ के रूप में हुई है। यह हादसा जयपुर थाना क्षेत्र के निश्चिंदपुर छोटे पुल के समीप हुआ, जहां एक मैजिक वाहन और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक बाइक शेयागरी की दिशा से जयपुर की ओर जा रही थी, जबकि आमता से एक मैजिक वाहन आ रहा था। अचानक नियंत्रण खो देने के कारण दोनों वाहनों में जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। बाइक पर चालक समेत दो लोग सवार थे। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। इस भीषण टक्कर में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक अन्य बाइक सवार और मैजिक वाहन का चालक घायल हो गए। घायलों को तुरंत जयपुर ग्रामीण अस्पताल और एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद वाहन चालक को उसी रात छुट्टी दे दी गई। इस दर्दनाक घटना से ग्रामीण हावड़ा के जयपुर थाना क्षेत्र में चिंता और शोक का माहौल व्याप्त है।

## लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाए रखना दुष्कर्म नहीं : हाई कोर्ट

### कोर्ट ने दुष्कर्म के लिए एक शख्स को दोषी ठहराने वाले निचली अदालत के फैसले को किया रद

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाना या बनाए रखना दुष्कर्म नहीं, बल्कि सहमतिपूर्ण रिश्ते का संकेत है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में दुष्कर्म (धारा 376 आइपीसी) और धोखाधड़ी (धारा 415 आइ-पीसी) के लिए एक शख्स को दोषी ठहराने वाले निचली अदालत के फैसले को रद कर दिया है। अपील को स्वीकार करते हुए हाई कोर्ट ने माना कि अभियोजन पक्ष दुष्कर्म का आरोप स्थापित करने में विफल रहा और निष्कर्ष निकाला कि अपीलकर्ता और शिकायतकर्ता के बीच संबंध जबरदस्ती नहीं, बल्कि सहमतिपूर्ण थे। न्यायमूर्ति प्रसेनजीत विश्वास ने पाया कि घटना के समय शिकायतकर्ता 20 वर्ष से अधिक आयु की एक बालिग युवती थी। इसके अलावा जिरह के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाए रखने की बात स्वीकार करना, जबरन यौन संबंध के सिद्धांत को नकारता है। कोर्ट ने मामले में मेडिकल सबूतों की पूर्ण कमी और प्रमुख गवाहों से पूछताछ करने में अभियोजन पक्ष की विफलता को गंभीर खामियां माना। अपीलकर्ता ने यह अपील इस्लामपुर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा सात जुलाई 2000 को पारित एक फैसले के खिलाफ दायर की थी। निचली अदालत ने उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और 415 के तहत दोषी पाया था और दो साल के कठोर कारावास और 7,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनायी थी। अपीलकर्ता की ओर से पेश हुए दीपांजन चटर्जी ने तर्क दिया कि रिकार्ड पर मौजूद सामग्री सजा को सही ठहराने के लिए पूरी तरह अपर्याप्त थी। उन्होंने गवाहों के बयानों में पर्याप्त विसंगतियों और अंतर्विरोधों की ओर इशारा किया। कोर्ट ने पीड़िता की उम्र को काफी महत्व दिया। उसके स्थानांतरण प्रमाणपत्र (प्रपत्र-3) के आधार पर, उसकी जन्म तिथि दो जनवरी 1974 थी। कोर्ट ने गणना की कि 13 मार्च 1994 को हुई घटना के समय पीड़िता 20 वर्ष से अधिक आयु की थी। न्यायमूर्ति विश्वास ने टिप्पणी की कि इस प्रकार वह एक बालिग और एक परिपक्व युवती थी, जो अपने स्वयं के कृत्यों और निर्णयों की प्रकृति और परिणामों को समझने में सक्षम थी।

### राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित




**कोलकाता, समाज्ञा :** बेलगाछिया में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर बंगाबासी मॉर्निंग कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई की कार्यक्रम अधिकारी एवं सह प्राध्यापक डॉ. तुलिका चक्रवर्ती विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में अशोक साहा, राज्य निदेशक, मेरा युवा भारत - पश्चिम बंगाल एवं अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, प्रियंका घोष, जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत - कोलकाता नॉर्थ, तथा इन्द्रजीत कुमार, सहायक परियोजना सहयोगी, मेरा युवा भारत - कोलकाता नॉर्थ आदि भी गणमान्य अतिथियों के रूप में उप-स्थित थे। डॉ. चक्रवर्ती ने अपने वक्तव्य में बताया कि बंगाबासी मॉर्निंग कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई द्वारा भी इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें एकता पदयात्रा, युवा नेतृत्व क्विज़, रील प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता जैसी पहलें शामिल होंगी।

## घुसुड़ीधाम में श्री श्याम जयंती मेला पर लगातार 41घंटे चलता रहा श्याम गुणगान

❑ आस्था व विश्वास का सिद्ध धाम बन गया हैं श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम : अरूप राय

❑ हजारों भक्तों ने लगाई बारस धोक, चढ़ाये निशान, सवामनी प्रसाद





**हावड़ा, समाज्ञा**

खाटूधाम के बाद देश दुनिया में मनोकामना पूर्ति के लिए प्रसिद्ध श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में कार्तिक शुक्ल एकादशी की सुबह से चल रहा शीश के दानी बाबा श्याम का वार्षिक श्याम जयंती मेला-2025 आज कार्तिक शुक्ल द्वादशी की देर रात शयन आरती के साथ सम्पन्न हो गया। शनिवार की सुबह मंगला आरती के साथ शुरू हुए इस मेला में लगातार लगभग 41घंटे बाबा श्याम की भक्ति का नजारा परिलक्षित होता रहा।

राज्य के खाद्य प्रसंस्करण मंत्री अरूप राय ने घुसुड़ीधाम में बाबा श्याम का पूजन अर्चन करने के बाद सभी श्याम भक्तों को श्याम जयंती की शुभकामनायें देते हुए कहा कि बाबा श्याम के इस दरबार में जिस तरह से श्रद्धालुओं का समागम हो रहा है उससे यह तय है कि श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम आस्था व विश्वास का सिद्ध धाम बन गया है। उन्होंने कहा कि मैं यहां आने वाले भक्तों की सुविधार्थ मंदिर प्रबंधन को हर संभव मदद के लिए हरदम तैयार हूं। मंदिर परिवार की ओर से मंत्री महोदय का दुपट्टा ओढ़ाकर व बांसुरी भेंटकर नवल सुल्तानिया, राजस्थानी पगड़ी पहनाकर राधेश्याम टिबड़ेवाल, मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंटकर सांवरमल अग्रवाल और वरूण अग्रवाल ने अभिनन्दन किया। इस अवसर पर समाजसेवी महेन्द्र-किरण अग्रवाल, रामअवतार अग्रवाल, राधारानी दत्त, सुरेन्द्र अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, शिवप्रकाश परसरामपुरिया, श्रीश्याम टिबड़ेवाल, धर्मेंद्र सिंह, अविनाश अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कल पूरी रात सैकड़ों भक्तों द्वारा मनोज बालासिया और राहुल खेमका की अगुवाई में बाबा श्याम के अखण्ड ज्योति पाठ के गुणगान के साथ ही मध्य रात्रि के बाद से शुरू हुई बारस धोक लगाने कोलकाता-हावड़ा सहित अन्यत्र स्थानों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु सपरिवार इष्ट मित्रों सहित घुसुड़ीधाम पहुंचे । काफी श्रद्धालु नंगे पैर रंग-बिरंगी ध्वजायें लेकर पहुंचे तो अनेक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम को सवामनी-छप्पन भोग अर्पित किया। रंग बिरंगे फूलों से सजी श्याम सरकार की झाँकी के दर्शन और ज्योत ग्रहण के लिए भक्तों की लम्बी कतारें निरंतर लगी रहीं। मंदिर के प्रबंध न्यासी बिनोद टिबड़ेवाल ने इस भव्य विराट मेला के निर्विघ्न आयोजन में सहभागी स्थानीय पुलिस प्रशासन, मिडिया व सामाजिक संस्थाओं के प्रति गहरा आभार जताया। मंदिर के सोशल मिडिया प्रभारी देवेंद्र कासुका ने बताया कि मंदिर की अधिकृत सोशल मिडिया साइट्स पर देश-दुनिया के हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर स्वयं को धन्य किया। मिडिया प्रभारी सुरेश कुमार भुवालका ने भावपूर्ण संचालन किया। इस अवसर पर मंदिर परिवार के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

## कोलकाता के कोठारी बंधुओं को श्रद्धांजलि, राम मंदिर आंदोलन में दिए बलिदान को किया याद



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के कोठारी बंधुओं ने आज से ठीक 36 वर्ष पूर्व, 2 नवंबर 1990 को अयोध्या में राम मंदिर पुनर्निर्माण के कारसेवा आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनके इस अमर बलिदान की स्मृति में रविवार को निवास स्थान पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने कोठारी बंधुओं के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों को नमन किया। श्रद्धांजलि सभा में कोठारी बंधुओं की छोटी बहन पूर्णिमा कोठारी, मनोज पांडेय, भोला प्रसाद सोनकर तथा अधिवक्ता पूजा सोनकर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि कोठारी बंधुओं का बलिदान भारतीय जनमानस के हृदय में सदैव अमर रहेगा।

## रेलवे अस्पताल में पहली बार नवजात शिशुओं का आधार में नामांकन, उसी दिन जारी हुए जन्म प्रमाण पत्र



**जमशेदपुर/कोलकाता :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में चक्रधरपुर मंडल रेलवे अस्पताल ने कहा कि पहली बार चिकित्सा सुविधा में नवजात शिशुओं का आधार में नामांकन किया गया और उनके जन्म प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। बयान में कहा गया है कि शनिवार को जन्मे चार शिशुओं का आधार नामांकन उसी दिन पूरा कर लिया गया। इसमें कहा गया है कि 'यह दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) के अंतर्गत किसी भी रेलवे अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिए एक ही दिन में आधार नामांकन और जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का पहला उदाहरण है। दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि चक्रधरपुर मंडल रेल प्रबंधक और चालक दल प्रबंधन प्रणाली, जिला प्रशासन, डाक और आधार विभागों के समन्वित प्रयासों से यह संभव हो पाया है। भविष्य में, इन विभागों के अधिकारी नवजात शिशुओं को आधार कार्ड जारी करने में सुविधा प्रदान करने के लिए नियमित रूप से रेलवे अस्पताल, चक्रधरपुर का दौरा करेंगे। बयान में कहा गया है कि इस पहल से जन्म प्रमाण पत्र जारी करने और आधार नामांकन की प्रक्रिया को सुगम और त्वरित बनाने में मदद मिलेगी।

## गंगासागर मेले से पहले युद्धस्तरीय तैयारी - भंगनग्रस्त इलाकों का उच्च स्तरीय दल ने किया निरीक्षण



**गंगासागर :** आगामी गंगासागर मेला 2026 (शुरू 8 जनवरी) से पहले रविवार को सागर द्वीप के कई भंगनग्रस्त इलाकों का निरीक्षण किया उच्च पदस्थ अधिकारियों की एक टीम ने। इस टीम में राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनीष जैन और सुंदरबन विकास मंत्री बंकिम हाजरा शामिल थे।

लगातार आने वाले प्राकृतिक आपदाओं के कारण मेला ग्राउंड से लेकर कपिल मुनि आश्रम तक के इलाके में नदी तटबंधों और 1 से 6 नंबर स्नानघाट तक भारी क्षति हुई है। इसी स्थिति का जायजा लेने के लिए अधिकारियों का यह दौरा हुआ।

प्रशासन का अनुमान है कि इस बार कुंभ मेला न होने के कारण गंगासागर मेले में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु पहुंच सकते हैं। इस भीड़ को संभालने के लिए स्नानघाट और नदी बांधों की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर शुरू करने की तैयारी चल रही है।

रविवार को निरीक्षण टीम में अतिरिक्त मुख्य सचिव मनीष जैन, सुंदरबन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा, और सागर के बीडीओ कनैया कुमार राय समेत कई प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे। उन्होंने पहले बेणुबन घाट का निरीक्षण किया, उसके बाद साउ घेरी में स्थायी नदी तटबंध का जायजा लिया और स्थानीय निवासियों से बातचीत की।

इसके बाद अधिकारियों ने कपिल मुनि आश्रम के सामने सभी स्नानघाटों और पवित्र स्थलों का निरीक्षण किया। अंत में चांपतल्ला और कशतला में टूटे हुए तटबंधों और कचुबेरिया पॉइंट के जेटी घाटों की स्थिति का मूल्यांकन किया।

प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मेले के सुचारु आयोजन के लिए नदी तटबंध और स्नानघाट की मरम्मत का कार्य यथाशीघ्र पूरा किया जाए।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस बार की विशाल भीड़ को संभालने के लिए ढांचा सुधार और सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### नारायनगढ़ में तालाब से कमल तोड़ने गए व्यक्ति की डूबकर मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के नारायनगढ़ थाना क्षेत्र के रणबनिया ग्राम में रविवार दोपहर तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुनिल सिंह (35) के रूप में की गई है। पुलिस एवं परिजन सूत्रों के अनुसार, रविवार की दोपहर सुनिल सिंह अपने एक परिचित के साथ घर के पास स्थित एक तालाब में कमल का फूल तोड़ने उतरे थे। कमल तोड़ने के बाद उनका साथी बाहर आ गया, लेकिन सुनिल पानी से बाहर नहीं निकले। जब काफी देर तक उनका पता नहीं चला, तो साथियों ने तालाब में उतरकर खोजबीन की और उनका अचेत शरीर बाहर निकाला। उन्हें मकरामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पाकर नरायनगढ़ थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर खड़गपुर महकमा अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# मोदी ट्रंप से डरते हैं, अदाणी-अंबानी के रिमोट से चलते हैं: राहुल गांधी



**बेगूसराय:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह न केवल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से डरते हैं, बल्कि 'बड़े कारोबारी घरानों के रिमोट कंट्रोल'' के इशारे पर काम करते हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने बिहार के बेगूसराय जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'बड़ी छाती होना ताकतवर होने की निशानी नहीं है। महात्मा गांधी को देखिए, उनका शरीर कमजोर था, लेकिन उन्होंने उस वक्त की महाशक्ति ब्रिटिश हुकूमत को झुका दिया।' उन्होंने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'दूसरी ओर, हमारे नरेन्द्र मोदी हैं, जो अपनी 56 इंच की छाती होने का दावा करते हैं, लेकिन जब 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ट्रंप का फोन आया तो उन्हें घबराहट का दौरा पड़ गया और पाकिस्तान के साथ सैन्य टकराव दो दिन में खत्म हो गया। वह न सिर्फ ट्रंप से डरते हैं बल्कि अदाणी और अंबानी के रिमोट से चलते हैं।'' कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के सभी बड़े फैसले जैसे नोटबंदी और माल एवं सेवाकर (जीएसटी) ''छोटे कारोबारियों को खत्म करके बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए गए थे।'' गांधी ने कहा, 'हमारी सोच अलग है। हम छोटे व्यापारियों को बढ़ावा देना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि आपके मोबाइल और टी-शर्ट पर 'मेड इन चाइना' की जगह 'मेड इन बिहार' लिखा हो।' प्रधानमंत्री पर वोट पाने के लिए कुछ भी करने का आरोप लगाते हुए राहुल ने कहा, 'उन्हें कहिए योग करो, तो वह कुछ आसन करने लगेंगे।'' उन्होंने कहा कि अगर 'इंडिया' गठबंधन को बिहार में सत्ता मिली, तो उसकी सरकार हर वर्ग के लिए काम करेगी, किसी एक जाति या समुदाय के लिए नहीं। राहुल गांधी ने युवाओं से जुड़े मुद्दों पर कहा, 'प्रधानमंत्री युवाओं को रील्स देखने को कहते हैं ताकि उनका ध्यान असली मुद्दों से हट जाए और वे बेरोजगारी जैसे सवाल न पूछें।'

## न्यूज इन ब्रीफ

### नीतीश को बिहार की जनता से ज्यादा 'कुर्सी' से प्यार : पायलट

**पटना:** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्य की जनता से ज्यादा सत्ता और 'कुर्सी' से प्यार है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में पायलट ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद, बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'बैसाखियां' छीन ली जाएंगी। उन्होंने कहा, 'भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में '400 पार' का दावा किया था, लेकिन 250 सीटें भी नहीं ला पाई। केंद्र में सरकार बनाने के लिए उसे बिहार और आंध्र प्रदेश की बैसाखियों पर निर्भर रहना पड़ा।' कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ''भाजपा के सामने बेबस' हो चुके हैं। उन्होंने कहा, 'यह वही नीतीश कुमार हैं, जिन्होंने एक समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा डीएनए पर सवाल उठाए जाने के बाद सैकड़ों बिहारवासियों के काटे हुए नाखून उन्हें कुरियर से भेजे थे। लेकिन अब कुर्सी से मोह ने उन्हें असहाय बना दिया है।'

### राजस्थान के कई इलाकों में बारिश होने की संभावना

**जयपुर:** राजस्थान के कई इलाकों में नए मौसमी तंत्र के असर से बारिश होने का अनुमान है। मौसम केंद्र, जयपुर के अनुसार सोमवार से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर एवं कोटा संभाग के कुछ भागों में तीन-चार नवंबर को बादल गरजने के साथ हल्की-मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान बीकानेर संभाग के क्षेत्रों में भी आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम केंद्र ने बताया कि राज्य के अधिकतर भागों में पांच नवंबर से आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने तथा उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में दो सो चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने की संभावना है।

### झारखंड के लातेहार में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**लातेहार:** झारखंड के लातेहार जिले में रविवार को एक मोटरसाइकिल के पेड़ से टकरा जाने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान चतरा जिले के दाहू बरदगा गांव निवासी अनुज उरांव (20) और बरहमोरिया गांव निवासी पूनम कुमारी (19) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित बालू जात्रा मेला देखने के बाद मोटरसाइकिल पर बालूमाथ लौट रहे थे, तभी होल्हेपाट गांव के निकट उनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। बालूमाथ थाने के प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया, घटना आज सुबह हुई। पीड़ितों को बालूमाथ स्थित चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मां के साथ सो रही बच्ची को उठा ले गया जंगली जानवर, भेड़िये के हमले की आशंका

**बहराइच (उप्र):** बहराइच जिले में कैसरगंज तहसील के कन्दौली गांव में रविवार सुबह अपनी मां के साथ सो रही 15 माह की एक बच्ची को कोई जंगली जानवर उठा ले गया। आशंका है कि यह हमला भेड़िये ने किया है। पुलिस के अनुसार, बच्ची का शव नहीं मिला है, लेकिन घर से करीब एक किलोमीटर दूर खेत में मांस के अवशेष व खून के निशान मिले हैं। ड्रोन व खोजी कुत्तों की सहायता से वन्यजीव की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कन्दौली गांव में राकेश यादव की पत्नी अपनी 15 माह की बच्ची शानवी के साथ घर के आंगन में सो रही थी। सुबह करीब पांच बजे बिस्तर से जानवर ने बच्ची को उठाया, बच्ची की चीख सुनकर मां की आंख खुली तो वह बिस्तर पर नहीं थी। परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उन्हें गन्ने के खेत में हलचल दिखी और खेत के पास भेड़िए के पैरों के निशान दिखायी दिये। ग्रामीणों ने पीछा किया तो खेत में मांस के टुकड़े व खून के निशान मिले।

### राजस्थान के कोटा जंक्शन पर ट्रेन से गिरकर राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाज की मौत

**कोटा:** महाराष्ट्र के रहने वाले राष्ट्रीय स्तर के एक तीरंदाज की राजस्थान के कोटा जंक्शन पर ट्रेन से कथित तौर पर गिरने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, नासिक निवासी अर्जुन सोनवाले (20) पंजाब के बठिंडा में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अपने साथियों और कोच के साथ घर लौट रहे थे। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ शकूर बस्ती-मुंबई सेंट्रल एसी स्पेशल ट्रेन से महाराष्ट्र जा रहे थे।

## प्रत्येक महिला को विश्वास होना चाहिए कि न्याय व्यवस्था उसके साथ है: न्यायमूर्ति सूर्यकांत



**लखनऊ:** भारत के आगामी प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि प्रत्येक महिला को 'यह विश्वास होना आवश्यक है कि न्याय व्यवस्था उसके साथ खड़ी है।' प्रेस में जारी एक बयान के अनुसार, न्यायमूर्ति सूर्यकांत उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (जेटीआरआई), लखनऊ में रविवार को आयोजित ''कानूनी सहायता के माध्यम से प्रजनन स्वायत्तता में बाधाओं को दूर करना' विषय पर एक संवेदनशीलता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति राजन रॉय भी उपस्थित थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, 'परिस्थितियां कैसी भी हों, प्रत्येक महिला यह आत्मविश्वास पाने की अधिकारी है कि न्याय व्यवस्था उसके साथ दृढ़ता से खड़ी है।' उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की उपलब्धियों की सराहना की और कृत्रिम मेधा (एआई) चैटबॉट 'न्याय मार्ग' की शुरुआत पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पहल लाभार्थियों और उनके अधिकारों के बीच की दूरी

## नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन में अग्रणी बन रहा है राजस्थान : मुख्यमंत्री शर्मा




**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का वो मजबूत स्तंभ है जो समाज में न्याय और समानता की अलख जगाता है। उन्होंने कहा कि सशक्त न्याय व्यवस्था से ही नागरिकों में सुरक्षा का भाव आता है। शर्मा ने कहा कि देश में लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों ने न्याय की परिभाषा को बदलने का काम किया है। राज्य में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को जमीनी स्तर पर लागू किया जा रहा है। जिससे न्याय प्रक्रिया में तेजी आई है और आने वाले समय में राजस्थान देश में अग्रणी राज्य होगा। मुख्यमंत्री ने जोधपुर में बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित करते हुए यह बात कही। शर्मा ने कहा कि न्यायपालिका किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है। हर व्यक्ति न्याय की आस लेकर अदालत-कचहरी में आता है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सुलभ न्याय मिलने से ही विकास की यात्रा पूरा हो सकेगी और न्यायपूर्णता के साथ ही, विकास सार्थक होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आवश्यकता अनुसार जिला स्तर पर नयी अदालतों का सृजन कर रही है। साथ ही नये न्यायाधीशों की नियुक्ति भी तीव्र गति से की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता के हित के कार्य सरकार की प्राथमिकता है। शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि अधिवक्ता कल्याण एवं बार काउंसिल के सुदृढ़ीकरण में सहयोग के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ता समाज के शिल्पकार होने के साथ ही न्याय व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, जिनकी तर्कशक्ति, आपका ज्ञान और आपकी प्रतिबद्धता ही न्याय का आधार है।




खगड़िया : केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को रविवार को परबत्ता विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) प्रत्याशी बाबूलाल शौर्य के समर्थन में आयोजित जनसभा के दौरान एक बच्चे ने स्केच आर्ट भेंट किया।



सहरसा : बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को सहरसा के सोनवर्षा में जनसभा को संबोधित करते हुए। उन्होंने एनडीए समर्थित जेडीयू प्रत्याशी रत्नेश सदा (सोनवर्षा) और एलजेपी (रामविलास) प्रत्याशी संजय कुमार सिंह (सिमरी बख्तियारपुर) के समर्थन में प्रचार किया।

## नौका हादसे के पीड़ितों से मिले मुख्यमंत्री आदित्यनाथ, सहायता वितरित की



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में बहराइच में कौड़ियाला नदी में नाव पलटने की घटना के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार पूरी तरह से उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सहायता राशि के चेक तथा अन्य सामग्री प्रदान की। उन्होंने कहा, जो लोग घने जंगलों के बीच रहने को मजबूर हो रहे हैं, उन्हें तत्काल विस्थापित करके सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की व्यवस्था करें ताकि उनकी आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित जीवन-यापन कर सकें। इसलिए, आज मैं यहां पर उपस्थित हुआ हूं। आदित्यनाथ ने कहा, मैं पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने के लिए और सभी परिवारों को शासन का सहयोग और सहायता प्रदान करने के लिए स्वयं यहां आया हूं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित परिवारों से कहा, मैं आप सबको इस बात के लिए आश्वस्त करता हूं कि दुख की इस घड़ी में सरकार और हमारे सभी जनप्रतिनिधि आपके साथ खड़े हैं।

## आपराधिक मामलों के आरोपियों को राजग सरकार में नहीं मिलता संरक्षण: बाबूलाल मरांडी



**रांची:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (शासित) राज्यों में आपराधिक मामलों के आरोपियों को संरक्षण नहीं मिलता है। उनकी यह टिप्पणी जन सुराज पार्टी के समर्थक दुलार चंद यादव की हत्या के सिलसिले में बिहार के पूर्व विधायक अनंत सिंह की गिरफ्तारी के बाद आई है। बिहार में अब राजग की सरकार है जिसमें भाजपा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यू) शामिल हैं। पड़ोसी राज्य में इस महीने दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं। मरांडी ने दावा किया कि सिंह की गिरफ्तारी से बिहार चुनाव पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा और विश्वास जताया कि राजग पड़ोसी राज्य में सत्ता में वापसी करने जा रही है। बिहार से चुनाव प्रचार से लौटने के बाद जमशेदपुर में मरांडी ने कहा, भाजपा बिहार में अगली सरकार बनाने जा रही है। यह भविष्यवाणी लोगों के उत्साह पर आधारित है। सिंह की गिरफ्तारी पर भाजपा नेता ने कहा, इससे यह अच्छा संदेश जाएगा कि राजग शासित राज्यों में आपराधिक मामलों के आरोपी लोगों को संरक्षण नहीं मिलता। अगर किसी व्यक्ति पर कोई आरोप है, तो उसे गलत साबित होने तक इंतजार करना पड़ता है। अनंत सिंह को एक मामले में आरोपी बनाया गया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अब कानून अपना काम करेगा।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान रोडवेज का परिचालन घाटा घटकर 300 करोड़ रुपये, 800 नयी बस खरीदेगा




**जयपुर:** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (आरएसआरटीसी) का परिचालन घाटा 1000 करोड़ से घटकर 300 करोड़ रुपये सालाना रह गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि निगम अपने बेड़े में 800 नयी बस शामिल करेगा। अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में निगम (राजस्थान रोडवेज) में बेहतर प्रबंधन, सुपरविजन और संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसके अनुसार पूर्ववर्ती सरकार के समय रोडवेज का वार्षिक परिचालन घाटा लगभग एक हज़ार करोड़ रुपये पर पहुंच गया था जो मौजूदा सरकार की पारदर्शी नीति के कारण अब लगभग तीन सौ करोड़ रुपये प्रतिवर्ष ही रह गया है। मुख्यमंत्री शर्मा के निर्देशानुसार परिवहन निगम यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित तथा समयबद्ध परिवहन सेवाएं सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ उपलब्ध करा रहा है। यात्रियों की अपेक्षाओं के अनुसार निरंतर परिवहन सेवाओं का गुणवत्तापूर्ण उन्नयन भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अनुसार उन्नत निगरानी व्यवस्था और बेहतर ईंधन प्रबंधन के माध्यम से डीजल की खपत में कमी लाने से परिचालन व्यय में बड़ी बचत हुई है। साथ ही, 810 नयी बसों की खरीद और 352 बसों को अनुबंधित कर रोडवेज के बेड़े और रूट नेटवर्क को मजबूत किया है।

### हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

**प्रतापगढ़ (उप्र):** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले की एक अदालत ने हत्या के मामले में आरोपी तीन लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी है और उनपर जुर्माना भी लगाया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) रामलाल ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद शनिवार को हत्या के तीन आरोपियों- मनीष कुमार वर्मा, नन्हे लाल वर्मा एवं सुनील वर्मा- को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उनपर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। उन्होंने बताया कि एक किशोर आरोपी का मामला किशोर न्याय बोर्ड को विचारार्थ भेज दिया गया है। पांडेय ने बताया कि लालगंज कोतवाली क्षेत्र के ओरी का पुरवा के रहने वाले लक्ष्मीकांत नामक व्यक्ति ने दर्ज कराये गये मुकदमे में पुलिस को बताया था कि 17 दिसंबर 2015 की रात साढ़े आठ बजे वह गांव के छोटेलाल वर्मा और करीम के साथ अपने ट्यूबवेल परिसर में गया था। शिकायत के अनुसार, वहां पहुंचते ही बाजरे के खेत से अचानक किसी ने गोली चलायी जो करीम को लग गयी। टॉर्च जलाकर देखने पर गांव के ही मनीष वर्मा, नन्हे लाल वर्मा, सुनील वर्मा और एक बाल अपचारी नजर आये। वे चारों जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गये।

### राजस्थान में पुलिस सेवा के 180 अधिकारियों के तबादले

**जयपुर:** राजस्थान पुलिस में बड़े फेरबदल के तहत 180 आला अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव शर्मा ने राजस्थान पुलिस सेवा (आरपीएस) के 180 अधिकारियों के तबादले का आदेश शनिवार रात जारी किया। इसके तहत जयपुर पुलिस आयुक्तालय में कई आरपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए। कोतवाली के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अनूप सिंह को जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) नियुक्त किया गया है, जबकि एसीपी (पूर्व- पुलिस लाइन) किशोर सिंह को जयपुर में यातायात का पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) नियुक्त किया गया है। मुकेश कुमार जोशी का तबादला जमवारामगढ़ के वृत्ताधिकारी (सीओ) के पद पर किया गया है। एसीपी (साइबर अपराध) पद पर कार्यरत एस वर्मा को जयपुर में एसीपी यातायात (पूर्व) के पद पर नियुक्त किया गया है। एसीपी (शास्त्री नगर) शिवरतन गोदारा को बीकानेर शहर में एसीपी के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह बहरोड़ की सीओ कृतिका यादव को जयपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में डीएसपी (नागरिक अधिकार) के पद पर नियुक्त किया गया है। आदेश के तहत मकराना के सीओ भवानी सिंह को चाकसू में एसीपी तैनात किया गया है। धौलपुर में डीएसपी (एससी/एसटी सेल) पद पर तैनात राजेंद्र कुमार मीणा को अब जयपुर में एसीपी कोतवाली के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

### झारखंड के अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत, परिवार ने लापरवाही का आरोप लगाया

**हजारीबाग (झारखंड):** झारखंड में एक गर्भवती महिला की कथित तौर पर एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। यह घटना राज्य के एक सरकारी अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन से पहले महिला के फिसलकर गिरने के कुछ समय बाद हुई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। महिला के परिवार के सदस्य शव को हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसबीएमसीएच) में वापस ले आए और मुआवजे की मांग की। हजारीबाग जिले के सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि डॉक्टर और सहायक नर्स एवं दाई (एएनएम) शनिवार सुबह स्त्री रोग वार्ड में बबली देवी (40) के प्रसव की तैयारी कर रहे थे। पीड़िता जब प्रसव कक्ष में बिस्तर से उतर रही थी, तो नीचे रखे फुटबोर्ड पर पैर रखते ही वह फिसलकर गिर गई।

## तेजस्वी को सरकार बनाने का भरोसा, शपथ ग्रहण की तारीख भी बताई



**पटना:** बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने रविवार को दावा किया कि विधानसभा चुनाव के बाद विपक्षी गठबंधन राज्य में अगली सरकार बनाएगा तथा चुनाव परिणाम आने के चार दिन बाद शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। तेजस्वी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'चौदह नवम्बर को बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे और 18 नवम्बर को (इंडिया गठबंधन सरकार का) शपथ ग्रहण होगा।'' उन्होंने यह टिप्पणी पूर्व विधायक अनंत सिंह की गिरफ्तारी को लेकर की। सिंह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के उम्मीदवार हैं और उनपर जन सुराज समर्थक दुलार चंद यादव की हत्या के मामले में कार्रवाई हुई है। तेजस्वी ने कहा, 'इतनी गंभीर घटना हुई थी, इसलिए यह होना ही था। आज प्रधानमंत्री बिहार आ रहे हैं। उन्हें यह देखना चाहिए कि राज्य में शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो जब कोई जघन्य अपराध न होता हो, लेकिन जैसे ही महागठबंधन की सरकार बनेगी, यह सब बदल जाएगा।' उन्होंने कहा, 'चौदह नवम्बर को परिणाम आएंगे और 18 नवम्बर को शपथ ग्रहण होगा। छब्बीस नवम्बर से पहले हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी अपराधी, चाहे वे किसी भी जाति या धर्म के हों, जेल में हों और उनके खिलाफ सबसे कड़ी कार्रवाई की जाए।'

### प्रधानमंत्री मोदी ने पटना साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका

**पटना:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार शाम पटना साहिब गुरुद्वारे में जाकर मत्था टेका। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव के साथ मोदी केसरिया पगड़ी पहने तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे और मत्था टेका। उन्होंने गुरुद्वारे के काउंटर से प्रसाद भी लिया और श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए 'जो बोले सो निहाल' का उद्घोष किया। प्रधानमंत्री की यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। इससे पहले, मोदी ने आरा और नवादा में राजग उम्मीदवारों के लिए चुनावी रैलियों को संबोधित किया। पटना में एक 'रोडशो' का नेतृत्व करने के बाद, वह गुरुद्वारे गये। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के दंगों का मुद्दा उठाते हुए मोदी ने आरा की रैली में कहा, ''यह 1984 में लगभग इसी समय की बात है, 1-2 नवंबर को, जब दिल्ली में सिखों का नरसंहार हुआ था।

## 'बेंच और बार' के बेहतरीन तालमेल से ही आगे बढ़ सकता है कानून का राज : आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून के राज के लिए 'बेंच और बार' के बीच तालमेल के महत्व पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि 'कानून का शासन' इन दोनों संस्थाओं में निहित विवेक और संवेदना के बेहतरीन समन्वय से ही आगे बढ़ सकता है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में अपने सम्बोधन में कहा कि कानून का राज 'बेंच और बार' के बेहतरीन समन्वय से ही आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, ''जब हम बेंच की बात करते हैं तो यह सामान्य रूप से एक आम मानविकी के विवेक का प्रतीक है और बार हम सब की संवेदना का प्रतीक है। इस विवेक और संवेदना में जब समन्वय होता है, तब हम 'कानून के शासन' की परिकल्पना को सरकार और मूर्त रूप में देख पाते हैं।'' कार्यक्रम में देश के भावी प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली भी मौजूद थे। आदित्यनाथ ने 'बार और बेंच' की सुविधा के लिए राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों का जिक्र करते हुए कहा, ''बार और बेंच में बेहतर समन्वय हो, इसके लिए हमलोगों ने उत्तर प्रदेश में एकीकृत अदालत परिसर बनाना प्रारंभ किये हैं। हमने 10 जनपदों के लिए एक साथ धनराशि भी जारी की है। इसमें एक ही परिसर में जिला स्तर की सभी अदालतें होंगी। साथ ही परिसर में आवास और अन्य हर प्रकार की जरूरी सुविधा भी उसी परिसर में हम लोगों ने प्रारंभ की है।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुदृढ़ न्यायिक व्यवस्था का खास योगदान है और मैं हमेशा इस बात को मानता हूं कि न्यायिक व्यवस्था जितनी मजबूत होगी सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में उतनी ही आसानी होगी।'' उन्होंने कहा कि सुशासन को प्राचीन काल में 'राम राज्य' कहते थे, अर्थात् एक

### वाराणसी के सौंदर्यीकरण के लिये विभिन्न चौराहों पर स्थापित की गयीं अनूठी कलाकृतियां

**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में बनारस लोकोमोटिव वर्कर्स (बीएलडब्ल्यू) और वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के संयुक्त प्रयास से शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में अनूठी पहल के तहत विभिन्न चौराहों और स्थानों पर अनूठी कलाकृतियां स्थापित की गयी हैं। बीएलडब्ल्यू के जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने रविवार को बताया कि वाराणसी में लगभग 100 टन कबाड़ से कलाकृतियां बना कर विभिन्न चौराहों पर लगायी गयी हैं। ये सभी कलाकृतियां वाराणसी विकास प्राधिकरण और बीएलडब्ल्यू के सहयोग से ललित कला के विद्यार्थियों द्वारा बनायी गयी हैं और इन्हें वाराणसी की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए लगाया गया है। उन्होंने बताया कि वाराणसी कैंट स्टेशन पर नंदी की कलाकृति लगाई गयी है, जो पर्यटकों और शहर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### आंध्र प्रदेश : बंगाल की खाड़ी में तीन छात्र डूबे

**नेल्लोर (आंध्र प्रदेश):** यहां बंगाल की खाड़ी में रविवार को इंटरमीडिएट के तीन छात्र डूब गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना अपराह्न करीब 1:30 बजे घटी, जब स्थानीय और समुद्री पुलिस कर्मियों द्वारा चेतावनी दिए जाने के बावजूद छात्र समुद्र में चले गए। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, नेल्लोर के पास बंगाल की खाड़ी में तैरने गए तीन लड़के आज डूब गए। बाद में उनके शव बरामद कर लिए गए और किनारे पर लाए गए। मृतक जूनियर कॉलेज में पढ़ रहे थे। सूचना मिलने के बाद कृष्णापटनम बंदरगाह से एक समुद्री टीम के साथ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को किनारे पर ले आई। इस बीच, पुलिस मामला दर्ज करने की प्रक्रिया में है।

### स्वास्थ्य केंद्र में रखी 12 बोरी दवाएं जलायी गईं: अधीक्षक समेत दो कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई

**उन्नाव (उप्र):** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के सफीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में स्वास्थ्य कर्मियों ने कथित रूप से अस्पताल परिसर में लगभग 10 से 12 बोरी दवाइयां जलाईं, जिनमें वैसी कई जरूरी दवाएं भी शामिल थीं, जो 2026 तक इस्तेमाल लायक थीं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉक्टर सत्य प्रकाश ने घटना का संज्ञान लेते हुए सीएचसी अधीक्षक और फार्मासिस्ट को हटाकर उन्हें सीएमओ कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, परिसर से उठता धुआं देखकर जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां सिरप की बोतलें, इंजेक्शन एवं टैबलेट स्ट्रिप्स जलती हुई मिलीं। कुछ अधजली दवाओं पर अंकित तिथि से स्पष्ट हुआ कि दवाओं के उपयोग की तिथि समाप्त नहीं हुई थी।

### बांके बिहारी मंदिर गलियारे के निर्माण के लिए 12 सदस्यीय उप समिति गठित

**मथुरा (उप्र):** वृंदावन स्थित विश्वविख्यात ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने मंदिर के प्रस्तावित गलियारे के निर्माण कार्य को पुनः प्रारंभ करने के लिए 12 सदस्यीय उप समिति का गठन किया है। इस उप समिति की अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित समिति के सदस्य और सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश मुकेश मिश्रा करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने मंदिर के दैनिक कार्यों और व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए अपने आदेश में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अशोक कुमार की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया था। समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने बताया कि समिति ने श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए कार्य आरंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब प्रस्तावित गलियारे का निर्माण कार्य फिर से शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने 12 सदस्यीय उप समिति का गठन किया है, जो गलियारे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करेगी।

### आतंकी हमले के बाद रुका प्रोजेक्ट अब पटरी पर, एनआईए की हरी झंडी के बाद बायसरन में दिखेगी केबल कार

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर सरकार को पहलगाम पर्यटन स्थल बैसरन में केबल कार परियोजना के लिए मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। मृतकों में अधिकतर पर्यटक थे। जम्मू-कश्मीर सरकार ने हमले की जांच कर रही एनआईए से केबल कार परियोजना के लिए मंजूरी मांगी थी। एनआईए अधिकारियों ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने इस परियोजना पर उसकी राय जानने के लिए आतंकवाद-रोधी एजेंसी से संपर्क किया था। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''हमसे (केबल कार परियोजना शुरू करने के बारे में) हमारे विचार पूछे गए और हमने बताया कि जांच के दृष्टिकोण से हमें कोई आपत्ति नहीं है।' जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 27 अक्टूबर को पहलगाम के विधायक अल्ताफ अहमद वानी द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने कहा कि परियोजना का काम एक कंपनी को सौंपा गया है, लेकिन पहलगाम हमले के बाद की स्थिति को देखते हुए यह अभी शुरू नहीं हुआ है।

# नक्सल हिंसा से प्रभावित जिलों की संख्या अप्रैल में 46 से घटकर अब 38 हुई



**नयी दिल्ली:** भारत में नक्सल हिंसा से प्रभावित जिलों के वर्गीकरण की ताजा समीक्षा में पाया गया कि अप्रैल में नौ राज्यों में इनकी संख्या 46 थी, जो अब घटकर 38 रह गई है और चिंताजनक जिलों की श्रेणी में केवल चार तथा सबसे अधिक प्रभावित जिलों की श्रेणी में महज तीन जिले रह गए हैं। यह समीक्षा 'वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना 2015' के एक हिस्से के रूप में की गई, जिसके तहत केंद्र और राज्य सरकारें इस खतरे का मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करती हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 15 अक्टूबर को ताजा वर्गीकरण अधिसूचित किया था। सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है, लिहाजा सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) के अंतर्गत आने वाले जिलों की संख्या एक अप्रैल को 46 से घटकर अब 38 रह गई है। आधिकारिक रिकॉर्ड भी इस बात की पुष्टि करते हैं। एसआरई एक शीर्ष स्तरीय एलडब्ल्यूई नीति योजना है, जिसके तहत केंद्र वामपंथी उग्रवाद से लड़ने के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। एसआरई जिलों को आगे 'वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों' और 'विरासत एवं प्रबल जिलों' में वर्गीकृत किया जाता है। सूत्रों के अनुसार, मार्च 2026 तक नक्सलवाद का खात्मा करने की केंद्र सरकार की घोषणा के तहत सुरक्षा बलों की आक्रामक कार्रवाई के बाद, इन सभी श्रेणियों में नक्सली हिंसा और प्रभाव के स्तर में गिरावट देखी गई है। सूत्रों ने बताया कि देश में 'वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों' की संख्या अप्रैल में 18 से घटकर अब 11 रह गई है और उन्हें 'सबसे अधिक प्रभावित जिलों', 'चिंताजनक जिलों' और 'अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों' के रूप में उप-वर्गीकृत किया जाता है। ताजा वर्गीकरण के मुताबिक, 'सबसे अधिक प्रभावित जिलों' में केवल तीन जिले बचे हैं, जिनकी संख्या एक अप्रैल को छह थी। इन तीन जिलों में छत्तीसगढ़ का बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा शामिल हैं। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों के अंतर्गत यह उप-श्रेणी (सबसे अधिक प्रभावित जिलों) 2015 में 35 जिलों के साथ बनाई गई थी, ताकि वहां संसाधनों की केंद्रित तैनाती सुनिश्चित की जा सके। ताजा वर्गीकरण के अनुसार, 'चिंताजनक जिलों' की श्रेणी में बचे चार जिलों में छत्तीसगढ़ का कांकेर, झारखंड का पश्चिमी सिंहभूम, मध्यप्रदेश का बालाघाट और महाराष्ट्र का गढ़चिरौली शामिल है। इस श्रेणी में उन जिलों को रखा जाता है, जहां नक्सली प्रभाव कम हो रहा है, लेकिन संसाधनों के केंद्रित विकास की अब भी आवश्यकता है। सूत्रों ने बताया कि अप्रैल में छह में से चार जिलों को इस श्रेणी से हटा दिया गया था, लेकिन समीक्षा के बाद दो को इसमें शामिल कर लिया गया। ताजा वर्गीकरण के मुताबिक, 'अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों' में छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा, गरियाबंद और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा ओडिशा का कंधमाल शामिल है।

## अगर इतने सारे लोग एक साथ आ जाएं, तो मैं क्या कर सकता हूं: भगदड़ पर आंध्र के मंदिर के संस्थापक

**कासिबुग्गा:** आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के 94 वर्षीय संस्थापक ने दावा किया कि वह मंदिर में मची भगदड़ के लिए जिम्मेदार नहीं हैं, जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। मंदिर के संस्थापक ने कहा कि उन्होंने पुलिस को सूचित नहीं किया, क्योंकि उन्हें लगा था कि अन्य दिनों की तरह ही सब कुछ सामान्य होगा और शनिवार को इतनी अधिक भीड़ की उम्मीद नहीं थी। श्रीकाकुलम जिले में मुकुंद पांडा द्वारा अपनी जमीन पर निर्मित मंदिर में शनिवार को मची भगदड़ में आठ महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मंदिर के पुजारी मुकुंद पांडा ने 'पीटीआई वीडियो' को बताया, अगर इतने सारे लोग एक साथ आ जाएं, तो मैं क्या कर सकता हूं? मैं आमतौर पर सभी को लाइन में लगाता हूं, लेकिन कल बहुत सारे लोग थे। मुझे नहीं पता कि क्या हुआ, मैंने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। पांडा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मैंने पुलिस को सूचित नहीं किया। मुझमें हिम्मत है, मैंने सभी को कतार में जाने को कहा। लोग दर्शन के लिए आए थे। अगर वे जल्दी में थे और स्थिति ऐसी हो गई, तो मैं क्या कर सकता हूं? उन्होंने कहा कि वह अपराह्न तीन बजे तक वहां रहे और दोपहर का भोजन नहीं किया, जबकि पुलिस ने आकर भीड़ को नियंत्रित किया। श्रीकाकुलम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसी) केवी महेश्वर रेड्डी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पुजारी मुकुंद पांडा के स्वामित्व वाले इस मंदिर को न तो गैर-कृषि उपयोग के लिए परिवर्तित किया गया था और न ही यह धर्मादा विभाग में पंजीकृत था। उन्होंने बताया कि आयोजकों ने कार्यक्रम आयोजित करने से पहले स्थानीय पुलिस को सूचित भी नहीं किया था।

## विकसित भारत बनाने का सपना पूरा करने के लिए महिलाओं समेत सभी का सहयोग



**हरिद्वार:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना पूरा करने के लिए महिलाओं समेत सभी का सहयोग चाहिए। राष्ट्रपति ने यहां पतंजलि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि उन्हें यह जानकार बहुत प्रसन्नता हुई है कि यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे कुल छात्रों में 62 प्रतिशत और आज उपाधि ग्रहण करने वाले छात्रों में 64 प्रतिशत छात्राएं हैं जबकि पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं की संख्या छात्रों की तुलना में चौगुनी है। उन्होंने कहा, ''यह केवल संख्या नहीं है, यह महिलाओं के नेतृत्व में आगे बढ़ने वाले विकसित भारत का अग्रिम स्वरूप है। साथ ही, यह भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा का विस्तार है जिसमें गार्गी, मैत्रेयी, अपाला और लोपामुद्रा जैसी विदुषी महिलाएं समाज को बौद्धिक व आध्यात्मिक नेतृत्व प्रदान करती थीं।' उन्होंने कहा, ''मुझे विश्वास है कि हमारी शिक्षित बेटियां अपनी आंतरिक शक्ति व प्रतिभा से भारत माता का गौरव बढ़ाएंगी।'' राष्ट्रपति ने कहा कि देश की 140 करोड़ की आबादी में से 50 फीसदी महिलाएं हैं ऐसे में 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए महिलाओं समेत सभी का सहयोग चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर केवल बेटे प्रयास करेंगे और बेटियां पीछे रह जाएंगी तो विकसित भारत का सपना अधूरा रह जाएगा।' राष्ट्रपति ने योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार प्रसार में पतंजलि विश्वविद्यालय के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हिमालय के इस आंचल से अनेक पवित्र नदियों के साथ ही ज्ञान-गंगा की अनेक धाराएं भी प्रवाहित होती हैं और उनमें इस विश्वविद्यालय की एक अविरल धारा भी जुड़ गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पटना साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका



**पटना:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार शाम पटना साहिब गुरुद्वारे में जाकर मत्था टेका। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव के साथ मोदी केसरिया पगड़ी पहने तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे और मत्था टेका। उन्होंने गुरुद्वारे के काउंटर से प्रसाद भी लिया और श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए 'जो बोले सो निहाल' का उद्घोष किया। प्रधानमंत्री की यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। इससे पहले, मोदी ने आरा और नवादा में राजग उम्मीदवारों के लिए चुनावी रैलियों को संबोधित किया। पटना में एक 'रोडशो' का नेतृत्व करने के बाद, वह गुरुद्वारे गये। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के दंगों का मुद्दा उठाते हुए मोदी ने आरा की रैली में कहा, ''यह 1984 में लगभग इसी समय की बात है, 1-2 नवंबर को, जब दिल्ली में सिखों का नरसंहार हुआ था। जो लोग दोषी थे, उन्हें पार्टी द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। कांग्रेस इस नरसंहार के लिए कोई खेद नहीं जता रही है।''

## असम के मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से राज्य में रेल नेटवर्क का विस्तार करने का आग्रह किया



**नयी दिल्ली:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और राज्य भर में 'कनेक्टिविटी' बेहतर बनाने के लिए रेलवे नेटवर्क के और विस्तार की मांग की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यहां हुई 25 मिनट की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से असम के लिए तीन नई अमृत भारत ट्रेन शुरू करने का अनुरोध किया। उन्होंने असम के दीमा हसाओ जिले के दर्शनीय उमरंगसो शहर को होजई जिले के लंका से जोड़ने वाले एक नए रेल नेटवर्क के निर्माण का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री शर्मा ने असम के कोकराझार और भूटान के गेलेफू के बीच प्रस्तावित रेलवे लाइन को जल्द पूरा कराने की भी मांग की, जिसका उद्देश्य सीमा पार कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। इसके अलावा, उन्होंने स्थानीय यात्रियों को लाभ पहुंचाने के लिए असम से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेन के और अधिक स्टेशनों पर ठहरने की अपील की। शर्मा ने कहा कि रेल मंत्री ने बैठक के दौरान उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## पुस्तकालय प्रामाणिक जानकारी पाने में मदद करते हैं: उपराष्ट्रपति



**नयी दिल्ली:** उपराष्ट्रपति सी . पी . राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि पुस्तकालय आज के डिजिटल युग में ज्ञान के केंद्र के रूप में कार्य करते हैं जो लोगों को प्रामाणिक जानकारी प्राप्त करने और गलत सूचनाओं का सामना करने में सक्षम बनाते हैं। राधाकृष्णन ने कहा कि तकनीक जहां सूचना तक आसान पहुंच प्रदान करती है , वहीं पुस्तकालय समाज में गहराई , चिंतन और सार्थक संवाद को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने पुस्तकालयों को शिक्षा का मंदिर बताया और उन्हें ऐसे स्थान की संज्ञा दी जो आलोचनात्मक सोच को पोषित करते हैं और व्यक्तियों एवं समुदायों को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने पुस्तकालय समुदायों को सशक्त बनाते हैं - वैश्विक परिप्रेक्ष्य विषय पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए अपने वीडियो संदेश में ये बातें कहीं। इसका आयोजन तिरुवनंतपुरम में पी . एन . पणिक्कर फाउंडेशन द्वारा किया गया था।

## दिल्ली पुलिस ने अवैध हथियार नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, सनी साईं गिरोह का प्रमुख आपूर्तिकर्ता गिरफ्तार

**नयी दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने एक अवैध हथियार नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और सनी साईं गिरोह के प्रमुख आपूर्तिकर्ता तथा एक वांछित लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरमीत सिंह (32) और सुमित (27) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक गुरमीत दिल्ली-एनसीआर और राजस्थान में सक्रिय कई गिरोहों को अवैध हथियारों की आपूर्ति किया करता है। गिरोह में सनी साईं, सलाम त्यागी और सद्दाम गौरी भी शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि गुरमीत के बागपत में होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने 26 अक्टूबर को छापा मारा। उसे उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया।

# आईसीएमआर अध्ययन में नौ में से एक व्यक्ति संक्रामक रोग से संक्रमित पाया गया



**नयी दिल्ली:** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अधीन प्रयोगशालाओं के नेटवर्क द्वारा किए गए परीक्षणों में, 4.5 लाख मरीजों में से 11.1 प्रतिशत मरीजों में रोगजनक (पैथोजन्स) पाए गए। यह अध्ययन सार्वजनिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण विषाणु संक्रमणों की पहचान के प्रयासों का हिस्सा था। पाए गए शीर्ष पांच रोगजनक में तीव्र श्वसन संक्रमण (एआरआई)/गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) मामलों में इन्फ्लूएंजा ए, तेज बुखार के मामलों में डेंगू वायरस, पीलिया के मामलों में हेपेटाइटिस ए, तीव्र दस्त रोग (एडीडी) के प्रकोप में नोरोवायरस और तीव्र इंसेफलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के मामलों में हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस (एचएसवी) शामिल हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की रिपोर्ट के अनुसार, संक्रामक रोगों का प्रसार 2025 की पहली तिमाही के 10.7 प्रतिशत से बढ़कर दूसरी तिमाही में 11.5 प्रतिशत हो गया। आईसीएमआर के वायरस अनुसंधान एवं निदान प्रयोगशाला (वीआरडीएल) नेटवर्क के अनुसार, जनवरी से मार्च के बीच 2,28,856 नमूनों में से 24,502 (10.7 प्रतिशत) में रोगाणु पाए गए। वहीं, अप्रैल से जून 2025 तक, 2,26,095 नमूनों में से 26,055 (11.5 प्रतिशत) में रोगाणु पाए गए। इस प्रकार, संक्रमण दर पिछली तिमाही की तुलना में 0.8 प्रतिशत बढ़ गई, जो संक्रमण के प्रसार की कड़ी निगरानी की आवश्यकता का संकेत है। एक वरिष्ठ वैज्ञानिक के अनुसार, हालांकि यह वृद्धि बहुत ज्यादा प्रतीत नहीं होती, लेकिन इसे कम करके नहीं आंका जाना चाहिए, क्योंकि यह मौसमी बीमारियों और उभरते संक्रमणों के लिए एक चेतावनी का काम कर सकती है। उन्होंने कहा, ''अगर हम संक्रमण दर में तिमाही बदलावों पर नजर रखना जारी रखें, तो भविष्य में होने वाली महामारियों को समय रहते रोका जा सकता है।' संक्रामक रोगों के मद्देनजर वीआरडीएल नेटवर्क देश के लिए एक पूर्व चेतावनी प्रणाली के रूप में कार्य करता है। वर्ष 2014-2024 तक 40 लाख से अधिक नमूनों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 18.8 प्रतिशत में रोगाणु की पहचान की गई थी।

## दादर में कबूतरखाना फिर से खोलने के लिए जैन मुनि अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगे

**मुंबई:** मुंबई में कबूतरखाने को बंद करने को लेकर विवाद फिर भड़कने की संभावना है क्योंकि जैन मुनि नीलेशचंद्र विजय ने दादर इलाके में कबूतरखाना बंद करने के विरोध में सोमवार से भूख हड़ताल पर बैठने की घोषणा की है। जैन मुनि ने कबूतरखाने को ढकने वाली तिरपाल हटाने का भी संकल्प लिया और इस बात पर जोर दिया कि 'जीव दया' (जीवन के प्रति करुणा) जैन धर्म की पहचान है। नीलेशचंद्र विजय ने संवाददाताओं से कहा, 'मैं 'जीव दया' के लिए विरोध प्रदर्शन करूंगा। मुझे आजाद मैदान में आंदोलन की अनुमति मिल गई है और मैं अपना अनशन शुरू करूंगा। मैं अपने फैसले पर अडिग हूं।' उन्होंने कहा, 'मुख्य कबूतरखाना दादर में है और हम नया (कबूतरखाना) नहीं चाहते।' जैन मुनि ने कहा, ''वे हमसे झूठे वादे कर रहे हैं।

## अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मां का निधन



**नयी दिल्ली:** अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मां हेमवंती देवी का निधन हो गया। वह 89 साल की थीं। अभिनेता के परिवार की ओर से जारी बयान के मुताबिक, त्रिपाठी की मां का निधन शुक्रवार को बिहार के गोपालगंज के बेलसंड में उनके पैतृक गांव में हुआ। त्रिपाठी उनके आखिरी पलों में उनके साथ थे। बयान में कहा गया है, हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि पंकज त्रिपाठी की मां हेमवंती देवी का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार शनिवार को त्रिपाठी के परिवार की मौजूदगी में बिहार के गोपालगंज में उनके पैतृक गांव बेलसंड में किया गया।

### आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में सतर्कता बुलेटिन का विमोचन

**रायबरेली** : आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के अवसर पर महाप्रबंधक सभागार में आयोजित समारोह में महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने सतर्कता बुलेटिन के दसवें संस्करण का विमोचन किया। इस दौरान सतर्कता विभाग द्वारा सप्ताहभर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से सतर्कता और पारदर्शिता से जुड़ी जानकारियां साझा कीं। बुलेटिन में आरेडिका के अधिकारियों और कर्मचारियों के लेखों, कार्टूनों, प्रकरण अध्ययनों और कविताओं को शामिल किया गया, जो सतर्कता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक हैं। विमोचन के अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आभा जैन, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र एवं अन्य अधिकारियों ने सहभागिता की। सप्ताह के दौरान ग्राहक/ठेकेदार शिकायत निवारण पर एक वेबिनार आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता एस.के. झा, मुख्य सामग्री प्रबंधक ने विस्तृत जानकारी दी।

## विदेश के खबरें

### चीनी कलाकारों ने बीजिंग में रामायण नृत्य नाटिका का मंचन किया



**बीजिंग:** चीनी नर्तकों के एक बड़े समूह ने प्रसिद्ध चीनी विद्वान दिवंगत प्रोफेसर शी शियानलिन द्वारा रामायण के अनुवाद पर आधारित नृत्य नाटिका आदि काव्य-प्रथम कविता का मंचन किया। चीन के भरतनाट्यम कलाकार शिन शानशान द्वारा निर्देशित तथा 50 से अधिक प्रतिभाशाली स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस नृत्य नाटिका का मंचन शनिवार को यहां भारतीय दूतावास में किया गया। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस नृत्य नाटिका के मंचन को अद्भुत सांस्कृतिक संगम बताया, जिसे बड़ी संख्या में दर्शकों ने देखा। बीजिंग में इस नृत्य नाटिका का मंचन दूसरी बार हुआ। इससे पहले, जनवरी 2025 में वहां इस नृत्य नाटिका का मंचन किया गया था। पिछले महीने दूतावास ने 'संगमम-भारतीय दार्शनिक परंपराओं का संगम' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया था, जिसमें प्रख्यात चीनी विद्वानों ने भगवद् गीता और भारत के सभ्यतागत मूल्यों पर बात की थी।

### गुरु नानक जयंती पर 2,000 से अधिक भारतीय सिख पाकिस्तान पहुंचेंगे

**लाहौर:** गुरु नानक देव की 556वीं जयंती से संबंधित उत्सव में भाग लेने के लिए पांच नवंबर को 2,150 भारतीय सिखों के वाघा सीमा के माध्यम से लाहौर पहुंचने की उम्मीद है। सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह बात कही। मुख्य समारोह पांच नवंबर को गुरुद्वारा जन्मस्थान ननकाना साहिब में आयोजित किया जाएगा, जो लाहौर से लगभग 80 किलोमीटर दूर है, जहां गुरु नानक का जन्म हुआ था। 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' (ईटीपीबी) के प्रवक्ता गुलाम मोहिउद्दीन ने पीटीआई-भाषा से कहा, '(पाकिस्तान) सरकार ने बाबा गुरु नानक देव जी की जयंती में शामिल होने के लिए भारतीय सिखों को 2,150 वीज़ा जारी किए हैं। भारतीय सिख आगामी मंगलवार (4 नवंबर) को वाघा सीमा के रास्ते लाहौर पहुँचेंगे।' अपनी 10 दिवसीय यात्रा के दौरान, भारतीय सिख गुरुद्वारों के दर्शन करेंगे और 13 नवंबर को स्वदेश के लिए रवाना होंगे।

### रूस ने परमाणु पनडुब्बी का जलावतरण किया

**मॉस्को:** रूस ने अपने नये परमाणु पनडुब्बी का जलावतरण किया है, जो 'पोसेइडॉन' परमाणु ड्रोन से लैस है। इसे 'डूम्सडे मिसाइल (प्रलयकारी मिसाइल)' कहा जा रहा है, जो तटीय देशों को नष्ट कर देने में सक्षम है। मीडिया के मुताबिक, रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव ने सेवमाश शिपयार्ड के सेवेरोद्विंस्क में रूसी नौसेना प्रमुख एडमिरल अलेक्जेंडर मोइसेयेव और अन्य शीर्ष जहाज निर्माण अधिकारियों की उपस्थिति में एक भव्य समारोह में परमाणु पनडुब्बी 'खाबरोवस्क' का जलावतरण किया। बेलौसोव ने शनिवार देर रात टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में कहा,'आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण घटना है - परमाणु ऊर्जा से चालित मिसाइल क्रूजर खाबरोवस्क का प्रसिद्ध सेवमाश से जलावतरण किया जा रहा है।' सेवमाश शिपयार्ड में इससे पहले भारत के लिए विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य का नवीनीकरण किया गया था। रूस की समाचार एजेंसी 'तास' के मुताबिक, रक्षा मंत्री ने रेखांकित किया कि पानी के नीचे के हथियारों और रोबोटिक प्रणाली से लैस यह पनडुब्बी रूस को अपनी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुनिया के महासागरों के विभिन्न क्षेत्रों में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में सक्षम बनाएगी।

### पश्चिमी केन्या में भूस्खलन के कारण 21 लोगों की मौत, 30 अन्य लापता

नैरोबी, दो नवंबर (एपी) केन्या के पश्चिमी रिफ्ट घाटी क्षेत्र में भूस्खलन के बाद कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य लोग लापता हो गए। क्षेत्र में पिछले कई दिन से भारी बारिश हो रही है। पश्चिमी केन्या की एल्गेयो मारक्वेट काउंटी में चेसोनगोच के पहाड़ी इलाके में शनिवार को हुए भूस्खलन से 1,000 से अधिक मकान तबाह हो गए। सरकार ने गंभीर रूप से घायल 30 लोगों को हवाई मार्ग से एल्डोरेट शहर के एक अस्पताल में पहुंचाया है। स्थानीय निवासी स्टीफन किटनी ने 'सिटीजन टेलीविजन स्टेशन' को बताया कि उन्होंने एक तेज आवाज सुनी और वे अपने बच्चों के साथ घर से बाहर भागे। भारी बारिश के बावजूद शनिवार को भी बचाव कार्य जारी रहा और आपदा एजेंसियों ने मलबे में लापता लोगों की तलाश जारी रखी। चेसोनगोच के पहाड़ी इलाके में अकसर भूस्खलन होता रहता है। यहां 2010 और 2012 में अलग-अलग घटनाओं में दर्जनों लोग मारे गए थे।

### नेपाल: प्रधानमंत्री कार्की ने आम चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्रियों के साथ की बैठक

**काठमांडू:** नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में सभी सात प्रांतों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक संयुक्त बैठक की। प्रधानमंत्री के प्रेस समन्वयक राम बहादुर रावल ने कहा कि यह बैठक बदले हुए राजनीतिक संदर्भ में संघीय और प्रांतीय सरकारों के बीच संवाद और समन्वय को मजबूत करने के लिए बुलाई गई थी। कार्की (73 वर्ष) 12 सितंबर को तत्कालीन प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के पद से हटने के बाद नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध को लेकर युवाओं के नेतृत्व वाले 'जेन जेड' के विरोध प्रदर्शनों के बाद ओली को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। यह बैठक आम चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न हितधारकों के साथ विचार-विमर्श का एक और चरण था।

## विश्व स्नूकर में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे आडवाणी

**बेंगलुरु :** तीन बार के चैंपियन पंकज आडवाणी सोमवार से दोहा में शुरू हो रही आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे। पुरुषों की प्रतियोगिता दो चरण (तीन से छह नवंबर और सात से 13 नवंबर) में होगी जिसमें शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सीधे दूसरे चरण में जाएंगे। पारस गुप्ता, ध्वज हारिया, मलकीत सिंह और मोहम्मद हुसैन अंतिम चरण में आडवाणी और बृजेश दमानी के साथ शामिल होने की कोशिश करेंगे। शुक्रवार से शुरू होने वाली महिलाओं की प्रतियोगिता में मौजूदा राष्ट्रीय 6 रेड चैंपियन कीर्तना पांडियन और नताशा चेतन सहित छह भारतीय खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। भारतीय टीम: पुरुष: पंकज आडवाणी, बृजेश दमानी (दोनों चरण दो), पारस गुप्ता, ध्वज हारिया, मलकीत सिंह, मोहम्मद हुसैन। महिलाएं: अनुपमा रामचंद्रन, अमी कमानी, कीर्तना पांडियन, नताशा चेतन, आन्या पटेल, श्रुति एल।

# महिला क्रिकेट को मिला 25 साल बाद नया चैंपियन, भारत ने जीता खिताब

### दीप्ति शर्मा बनीं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

**नवी मुंबई :** भारत की महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार आईसीसी वनडे विश्व कप जीता। शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा के बेहतरीन हरफनमौला खेल की बदौलत भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 7 विकेट पर 298 रन बनाए। शेफाली वर्मा (87 रन) और स्मृति मंधाना (45 रन) ने शानदार शुरुआत दी। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने 58 रन की पारी खेली और टूर्नामेंट में 200 से अधिक रन और 22 विकेट लेने वाली पहली महिला बनीं। रिचा घोष ने भी ताबड़तोड़ 34 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य का पीछा करते हुए 246 रन पर ऑलआउट हो गई। कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने लगातार दूसरे मैच में शतक (101 रन) जड़ा, लेकिन दूसरे छोर से साथ नहीं मिलने के कारण उनकी पारी बेकार गई। भारत की ओर से दीप्ति ने 5 और शेफाली ने 2 विकेट झटके। अंतिम विकेट गिरते ही पूरा स्टेडियम 'वंदेमातरम' और 'मां तुझे सलाम' के नारों से गूंज उठा। खिलाड़ियों की आँखों में खुशी के आँसू थे और स्टैंड में बैठे पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और वीवीएस लक्ष्मण भी झूम उठे। इस ऐतिहासिक जीत के साथ भारत ने 52 साल के खिताबी सूखे को खत्म कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, यह जीत हर भारतीय महिला के साहस और सपनों को समर्पित है।



## वाशिंगटन की विस्फोटक पारी से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया, श्रृंखला 1-1 से बराबर



**होबार्ट :** अर्शदीप सिंह की शानदार गेंदबाजी और वाशिंगटन सुंदर की तूफानी पारी के दम पर भारत ने तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 186 रन बनाए। टीम की ओर से टिम डेविड (74 रन, 38 गेंद, पांच छक्के, आठ चौके) और मार्कस स्टोइनिस (64 रन, 39 गेंद, दो छक्के, आठ चौके) ने आतिशी अर्धशतक लगाए। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने 35 रन देकर तीन और वरुण चक्रवर्ती ने 33 रन देकर दो विकेट झटके। 187 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। वाशिंगटन सुंदर ने मात्र 23 गेंदों में चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से नाबाद 49 रन बनाए। उन्होंने जितेश शर्मा (नाबाद 22 रन, 13 गेंद) के साथ छठे विकेट के लिए 25 गेंदों में 43 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। भारत की शुरुआत तेज रही, लेकिन शुभमन गिल (15) और अभिषेक शर्मा (25) जल्दी लौट गए। कप्तान सूर्यकुमार यादव (24) और तिलक वर्मा (29) ने बीच के ओवरों में उपयोगी योगदान दिया। अर्शदीप ने शानदार गेंदबाजी करते हुए शुरुआती झटके दिए। उन्होंने ट्रेविस हेड (6) और जोश इंग्लिस (1) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को दबाव में ला दिया। इसके बाद चक्रवर्ती ने कप्तान मिचेल मार्श (11) और मिचेल ओवेन (0) को लगातार गेंदों पर आउट किया। हालांकि टिम डेविड और स्टोइनिस ने पांचवें विकेट के लिए तूफानी साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 186 तक पहुंचाया। अंत में वाशिंगटन सुंदर और जितेश शर्मा ने संयम और आक्रामकता के साथ खेलते हुए भारत को शानदार जीत दिलाई। इस जीत के साथ भारत ने श्रृंखला में वापसी करते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया है।

### सिर्फ योजनाओं को लागू करने पर ध्यान देता हूं : अर्शदीप

अर्शदीप सिंह की नई गेंद से शानदार शुरुआत और अंतिम ओवरों में शांत दिमाग से की गई गेंदबाजी ने भारत को रविवार को यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया पर श्रृंखला बराबर करने वाली जीत दिलाई जिसके बाद बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अपने प्रदर्शन का श्रेय स्पष्ट विचारों और कड़ी ट्रेनिंग को दिया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए अर्शदीप ने कहा कि वह नतीजों के लिए बहुत अधिक कोशिश करने के बजाय स्पष्टता और प्रदर्शन में निरंतरता पर ध्यान दे रहे हैं। मैच में 35 रन देकर तीन विकेट चटकाने वाले अर्शदीप ने भारत की जीत के बाद कहा, ''मैं बस अपनी प्रक्रिया पर काम कर रहा हूं, अपने कौशल पर भरोसा कर रहा हूं और जिन योजनओं का अभ्यास किया है उन्हें लागू कर रहा हूं।''

## प्रमोद-सुकांत, नितेश और मनीषा ने इंडोनेशिया पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल में स्वर्ण पदक जीते



**जकार्ता :** भारत के पैरा-बैडमिंटन दल ने इंडोनेशिया पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल में शानदार प्रदर्शन दिखाया जिसमें प्रमोद भगत और सुकांत कदम की जोड़ी के अलावा चार अन्य खिलाड़ियों ने अलग अलग वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। तोक्यो पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद ने सुकांत के साथ मिलकर पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 के फाइनल में इंडोनेशिया के द्वियोको और सेटियावान को सीधे गेम में 21-16, 21-12 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत का दबदबा एसएल3 और एसएल4 पुरुष एकल वर्ग में भी रहा जिसमें नितेश कुमार और शिवकुमार पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बने। महिला एकल एसयू5 में मनीषा रामदास ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया जबकि एसएच6 में सुमति सिवन ने शानदार जीत से भारत के खाते में एक और स्वर्ण पदक जोड़ा। प्रमोद ने मिश्रित युगल में भी कांस्य पदक जीता जबकि तोक्यो पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा नागर ने पुरुष एकल एसएच6 में कांस्य और मिश्रित युगल एसएच6 में रजत पदक जीता। कृष्णा और उनकी जोड़ीदार सुमति सिवन को फाइनल में इंडोनेशिया की सुभान और मर्लिना की जोड़ी से 13-21, 9-21 से हार मिली। अन्य खिलाड़ियों में सोलाईमलाई (एसएच6 पुरुष), एस कुमार (डब्ल्यूएच1 पुरुष), प्रेम कुमार और अल्फिना जेम्स (मिश्रित युगल डब्लयूएच1-डब्ल्यूएच2) और अबू हुबैदा और प्रेम कुमार (पुरुष युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2) ने भी देश के लिए पदक जीते।

## केन विलियमसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया



**ऑकलैंड :** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला शुरू होने से कुछ दिन पहले रविवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। न्यूजीलैंड के लिए 93 टी-20 मैच खेलने वाले विलियमसन को हाल ही में 2026 के सत्र के लिए आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स का रणनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया था। संन्यास लेने की घोषणा करने के कारण इस 35 वर्षीय बल्लेबाज को बुधवार से यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही श्रृंखला के लिए 14 सदस्यीय टी20 टीम में शामिल नहीं किया गया। विलियमसन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2575 रन बनाए लेकिन वह एक भी शतक नहीं लगा पाए। वह कैरेबियाई टीम के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की तैयारी के सिलसिले में आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में भी नहीं खेलेंगे। विलियमसन ने न्यूजीलैंड की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाए हैं। उनका औसत 33 है और उन्होंने 18 अर्धशतक लगाए हैं। इस प्रारूप में उनका उच्चतम स्कोर 95 रन है।

## पंत और पुछल्ले बल्लेबाजों ने दिलाई भारत ए को रोमांचक जीत



**बेंगलुरू :** कप्तान ऋषभ पंत की 90 रन की शानदार पारी और निचले क्रम के बल्लेबाजों की दमदार पारियों की बदौलत भारत ए ने रविवार को यहां पहले चार दिवसीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका ए को तीन विकेट से हरा दिया। भारत ए अब दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है। दूसरा मैच अगले गुरुवार से बीसीसीआई सीओई मैदान पर ही खेला जाएगा। भारत ए ने मैच के चौथे और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 119 रन से आगे बढ़ाई। पंत (90 रन, 113 गेंद, 11 चौके, चार छक्के) और आयुष बडोनी (34 रन, 47 गेंद) ने सुबह अच्छी शुरुआत की और 12 ओवर में 63 रन जोड़े। भारत को 275 रन के लक्ष्य के सामने अंतिम दिन 166 रन की जरूरत थी। पंत और बडोनी ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। पंत ने दिन की दूसरी ही गेंद पर तेज़ गेंदबाज़ ओकुहले सेले पर छक्का जड़ा और उसके बाद एक हाथ से शॉट लगाकर थर्ड मैन क्षेत्र में दो चौके लगाए। सेले ने दिन के पहले ओवर में 14 रन दिए। पंत हालांकि अपना शतक पूरा नहीं कर पाए। उन्हें तियान वान वुरेन की गेंद पर पुल करने का समय नहीं मिला और गेंद हवा में लहरा गई। लेसेगो सेनोक्वाने ने दूसरी स्लिप से दौड़ते हुए कैच लपका। सेनोक्वाने के लिए यह बड़ी राहत की बात थी क्योंकि उन्होंने प्रेनेलन सुब्रायन की गेंद पर फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर पंत का कैच छोड़ा था।



## कोल इंडिया प्रमुख का प्रासंगिक बने रहने के लिए कंपनी के व्यवसाय में आमूलचूल बदलाव का आह्वान




**कोलकाता:** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के नवनियुक्त चेयरमैन सनोज कुमार झा ने सरकारी कंपनी के व्यवसाय मॉडल और प्रणालियों में आमूलचूल बदलाव का आह्वान किया है। उन्होंने उत्पादन के नये तरीकों पर भी जोर दिया और कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा की ओर वैश्विक बदलाव के बीच प्रासंगिक बने रहने के लिए संगठन को खुद को तेजी से बदलना होगा। झा ने शनिवार को कोलकाता में सीआईएल की 50वीं वर्षगांठ समारोह में कर्मचारियों और हितधारकों से कहा, ''दुनिया अब वैसी नहीं रही, जब कोयला ऊर्जा का प्राथमिक स्रोत था। नवीकरणीय ऊर्जा और कई अन्य प्रतिस्पर्धी उभर आए हैं।'' झा कोयला मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव भी हैं, और शनिवार को कोल इंडिया में उनका पहला दिन था। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है और इसे संचालन के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने आगे कहा, ''हमें अपनी पूरी व्यवस्था, अपने सभी मौजूदा व्यावसायिक मॉडल और उत्पादन पद्धति को बदलना होगा। मंत्री महोदय हमें लगातार याद दिलाते रहते हैं कि कोल इंडिया और सभी सार्वजनिक उपक्रमों को इस मानसिकता से बाहर आना होगा कि वे इसी तरह काम करते रह सकते हैं।' चेयरमैन ने कहा कि सीआईएल ने पिछले पांच से 10 साल में विविधीकरण की दिशा में कदम उठाए हैं, फिर भी अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा, 'पूरी टीम मंत्री और प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए तैयार है और हम देश में हो रही नई चीजो से जुड़ी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।'

# त्योहारी सीजन में पेट्रोल की बिक्री बढ़ी, डीजल की मांग रही स्थिर



**नयी दिल्ली:** त्योहारों के दौरान यात्रा में तेजी के कारण अक्टूबर में भारत में पेट्रोल की बिक्री पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। हालांकि, इस दौरान डीजल की खपत स्थिर रही जो इस रुझान के उलट है। यह जानकारी उद्योग के शुरुआती आंकड़ों से मिली है। त्योहारों के सीजन की शुरुआत से ईंधन की मांग बढ़ने के कारण अक्टूबर में पेट्रोल की खपत सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 36.5 लाख टन हो गई। सितंबर में पेट्रोल की बिक्री 34 लाख टन रही थी। देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन डीजल की बिक्री अक्टूबर में मामूली गिरावट के साथ 76 लाख टन रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 76.4 लाख टन थी। ऐतिहासिक रूप से, जून में बारिश के मौसम के आगमन के साथ डीजल की खपत में गिरावट आती थी, क्योंकि सिंचाई पंप चलाने के लिए ईंधन की मांग कम हो जाती थी और वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होती थी। हालांकि, अक्टूबर से बिक्री बढ़ जाती थी क्योंकि बारिश कम होती है और त्योहारी सीजन की वजह से ट्रक की आवाजाही भी बढ़ती है। लेकिन इस साल, यह रुझान उलट गया है और अक्टूबर में खपत में बढ़ोतरी के बजाय मामूली गिरावट देखी गई। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ की मासिक रिपोर्ट के अनुसार, पेट्रोल की खपत अक्टूबर, 2023 की तुलना में 16.3 प्रतिशत अधिक थी, जबकि इस साल डीजल की बिक्री अक्टूबर, 2023 की 76.3 लाख टन की मांग से कम रही। विमान ईंधन या एटीएफ की खपत में लगातार सुधार जारी रहा और अक्टूबर में यह 1.6 प्रतिशत बढ़कर 7,69,000 टन हो गई। यह अक्टूबर, 2023 की तुलना में 11.11 प्रतिशत अधिक है। 2019 से, एटीएफ की खपत 1.65 प्रतिशत सालाना दर से बढ़ी है। अक्टूबर में रसोई गैस या एलपीजी की बिक्री 5.4 प्रतिशत बढ़कर लगभग 30 टन हो गई, क्योंकि घरेलू खाना पकाने की जरूरतें लगातार बढ़ रही हैं। इस वृद्धि का एक प्रमुख कारण ईंधन की घरेलू मांग है। भारत ने सब्सिडी वाली एलपीजी आपूर्ति योजना पीएमयूवाई में 25 लाख नए घर जोड़े, जिससे इसके अंतर्गत आने वाले परिवारों की संख्या 10.33 करोड़ से बढ़कर 10.58 करोड़ हो गई।

## न्यूज अपडेट

### सितंबर में चाय का उत्पादन 5.9 प्रतिशत घटा

**कोलकाता:** सितंबर, 2025 के दौरान चाय का उत्पादन 5.9 प्रतिशत घटकर 15.99 करोड़ किलोग्राम रह गया है। पिछले साल समान अवधि में यह 16.99 करोड़ किलोग्राम था। चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर, 2025 के दौरान असम में चाय उत्पादन 9.47 करोड़ किलोग्राम पर लगभग स्थिर रहा, जबकि 2024 की इसी अवधि में यह 9.40 करोड़ किलोग्राम था। पश्चिम बंगाल में चाय उत्पादन घटकर चार करोड़ किलोग्राम से कुछ अधिक रहा, जो 2024 के इसी महीने में 4.83 करोड़ किलोग्राम था। उत्तर भारत, जिसमें असम और पश्चिम बंगाल राज्य शामिल हैं, में चाय उत्पादन सितंबर, 2025 में घटकर 13.86 करोड़ किलोग्राम रह गया, जो 2024 के इसी महीने में 14.69 करोड़ किलोग्राम था। आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण भारत में, सितंबर, 2025 में उत्पादन मामूली रूप से घटकर 2.12 करोड़ किलोग्राम रह गया, जबकि 2024 के इसी महीने में यह 2.29 करोड़ किलोग्राम था।

### रॉयल एनफील्ड की बिक्री अक्टूबर में 13 प्रतिशत बढ़कर 1,24,951 इकाई पर पहुंची

**नयी दिल्ली:** प्रीमियम मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री अक्टूबर में 13 प्रतिशत बढ़कर 1,24,951 इकाई हो गई। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 1,10,574 इकाई बेची थीं। रॉयल एनफील्ड ने रविवार को बयान में कहा कि घरेलू बिक्री इस अक्टूबर में बढ़कर 1,16,844 इकाई हो गई, अक्टूबर, 2024 में कंपनी ने घरेलू बाजार में 101,886 इकाई बेची थीं। कंपनी ने कहा कि हालांकि, अक्टूबर, 2025 में उसका निर्यात सात प्रतिशत घटकर 8,107 इकाई रह गया, जो पिछले साल इसी इसी अवधि में 8,688 इकाई था। आयशर मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और रॉयल एनफील्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी गोविंदराजन ने कहा कि त्योहारी उत्साह के कारण देश भर से ग्राहकों की ओर से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली।

### ओयो ने इक्विटी शेयरधारकों के लिए बोनस इश्यू के आवेदन की समयसीमा बढ़ाई

**नयी दिल्ली:** यात्रा प्रौद्योगिकी मंच ओयो ने अपने गैर-सूचीबद्ध इक्विटी शेयरधारकों के लिए संभावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से संबंधित बोनस शेयर जारी करने के आवेदन की अंतिम तिथि एक नवंबर से बढ़ाकर सात नवंबर कर दी है। कंपनी ने शेयरधारकों को भेजे संदेश में कहा कि डाक मतपत्र प्रक्रिया के दौरान उसे प्रतिक्रियाएं मिली हैं और उसने निवेशकों को उनके लिए उपयुक्त बोनस विकल्प चुनने के लिए पर्याप्त समय देने का निर्णय लिया है। ओयो ने कहा, 'चयन की अवधि, जो मूल रूप से एक नवंबर को समाप्त होने वाली थी, वह अब नौ दिन बढ़ाकर सात नवंबर, 2025 कर दी गई है। आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए, अब शेयरधारकों को अपने चुनाव पत्र के साथ क्लाइंट मास्टर लिस्ट (सीएमएल) जमा करने की आवश्यकता नहीं है।'

### डीएलएफ ने गुरुग्राम की 'द डहलियाज' परियोजना में अब तक 221 फ्लैट करीब 16 हजार करोड़ रुपये में बेचे

**नयी दिल्ली:** रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ लिमिटेड ने अपनी अति-आलीशान आवासीय परियोजना 'द डहलियाज' में अब तक करीब 16,000 करोड़ रुपये के 221 अत्यंत आलीशान फ्लैट बेच दिए हैं। पिछले साल अक्टूबर में डीएलएफ ने गुरुग्राम के डीएलएफ फेज 5 में 17 एकड़ की अति-आलीशान आवासीय परियोजना 'द डहेलियाज' पेश की थी, जिसमें 420 अपार्टमेंट और पेंटहाउस शामिल हैं। डीएलएफ लिमिटेड के नवीनतम निवेशक प्रस्तुतीकरण के अनुसार, कंपनी ने इस बहुप्रतीक्षित आवास परियोजना में सितंबर तिमाही तक 15,818 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल की है। विश्लेषकों के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल में, डीएलएफ प्रबंधन ने बताया कि सितंबर तिमाही तक 'द डहलियाज' परियोजना में 221 फ्लैट बिक चुके हैं। प्रति अपार्टमेंट औसत कीमत लगभग 72 करोड़ रुपये है।

## अकासा एयर केन्या, मिस्र, अन्य देशों के लिए उड़ानों पर विचार करेगी: सीईओ




**नयी दिल्ली:** अकासा एयर केन्या, इथियोपिया, मिस्र और कुछ अन्य देशों के लिए उड़ानें संचालित करने पर विचार कर रही है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे ने यह बात कही। उन्होंने आगे कहा कि तीन साल पुरानी यह एयरलाइन अब अपने बोइंग विमानों की आपूर्ति को लेकर बहुत अच्छा महसूस कर रही है। इस बात पर जोर देते हुए कि अकासा एयर का अंतरराष्ट्रीय विस्तार सही दिशा में आगे बढ़ता रहेगा, दुबे ने कहा कि एयरलाइन जल्द ही शारजाह के लिए उड़ानों की घोषणा करेगी। एयरलाइन के पास 30 बोइंग 737 मैक्स विमानों का बेड़ा है और उसे इस साल एक से ज्यादा विमान जोड़ने की उम्मीद है। दुबे ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, ''हमारे विमान पूर्वी अफ्रीका के तटों तक पहुंचने में सक्षम हैं। यह मॉरीशस तक जा सकता है और दक्षिणी छोर पर यह केन्या, इथियोपिया, मिस्र तक जा सकता है... हम कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान तक भी जा सकते हैं... बोइंग 737 मैक्स दक्षिण एशिया में भी दूर तक जाने में सक्षम है... इन सभी पर विचार किया जाएगा।'' इस समय एयरलाइन छह अंतरराष्ट्रीय शहरों - दोहा (कतर), जेद्दा, रियाद (सऊदी अरब), अबू धाबी (यूएई), कुवैत सिटी (कुवैत) और फुकेत (थाईलैंड) के साथ ही 24 घरेलू गंतव्यों के लिए उड़ान भरती है। दुबे के अनुसार, एयरलाइन का उपलब्ध सीट किलोमीटर (एएसके) अब 20 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय और 80 प्रतिशत घरेलू है, और मार्च, 2027 के अंत तक विदेशी हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है।

## एसबीआई ने पेशेवर क्षेत्रों से परे कर्मचारी उत्कृष्टता को मान्यता देने को 'एसबीआई-स्टार' शुरू किया

**नयी दिल्ली:** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने वार्षिक कर्मचारी उत्कृष्टता पुरस्कार 'एसबीआई स्टार' (कर्मचारी प्रतिभा स्वीकृति एवं मान्यता) की शुरुआत की है। यह पुरस्कार पेशेवर क्षेत्रों से इतर कर्मचारियों की उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए एक सुव्यवस्थित ढांचा है। एसबीआई ने बयान में कहा कि अपने कर्मचारियों की समग्र भागीदारी, कल्याण और संगठनात्मक गौरव को बढ़ावा देने की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के अनुरूप, 'एसबीआई स्टार' पहल का उद्देश्य कर्मचारियों की कला, साहित्य, खेलकूद, संस्कृति, सामाजिक कार्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी पहलों जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रतिभा को पहचानना और सम्मानित करना है। इस पहल को शुरू करने के अवसर पर एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कर्मचारियों की सराहना न केवल उनकी व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए की जानी चाहिए, बल्कि उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों, जुनून और समाज में योगदान के लिए भी की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''इस पहल का उद्देश्य बैंक के बहु-प्रतिभाशाली कर्मचारियों को सम्मानित करना और बैंक के सामूहिक दृष्टिकोण को व्यापक बनाना है।'

## बीओटी मॉडल के राजमार्ग खंडों में एक से अधिक दुर्घटनाओं पर ठेकेदारों होंगे दंडित: राजमार्ग मंत्रालय

**नयी दिल्ली:** सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों को रोकने के लिए राजमार्ग मंत्रालय ने बनाओ-चलाओ-हस्तांतरित करो (बीओटी) मॉडल के तहत बने राष्ट्रीय राजमार्गों के किसी खंड पर यदि एक साल में एक से अधिक दुर्घटनाएं होती हैं, तो ठेकेदारों को दंडित करने का निर्णय लिया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सड़क परिवहन और राजमार्ग सचिव वी. उमाशंकर ने कहा कि राजमार्ग मंत्रालय ने बीओटी दस्तावेज में संशोधन किया है। अब ठेकेदारों को यह जिम्मेदारी होगी कि वे दुर्घटना प्रबंधन करें और अगर उनके द्वारा बनाए गए किसी राष्ट्रीय राजमार्ग के खंड पर निर्धारित अवधि में एक से अधिक दुर्घटनाएं होती हैं, तो सुधारात्मक कदम उठाएं।

## इस सप्ताह सोना रह सकता है सीमित दायरे में, निवेशकों की नजर वैश्विक आर्थिक संकेतकों पर



**नयी दिल्ली:** विश्लेषकों का कहना है कि इस हफ्ते सोने की कीमतें सीमित दायरे में रह सकती हैं, क्योंकि निवेशकों की नजर अब अहम आर्थिक आंकड़ों और नीतिगत घटनाओं पर है, जिसमें पांच नवंबर को अमेरिका के उच्चतम न्यायालय में होने वाली शुल्क से जुड़ी सुनवाई भी शामिल है। विश्लेषकों के अनुसार, आने वाले दिनों में निवेशक वैश्विक विनिर्माण और सेवा क्षेत्र से जुड़े पीएमआई आंकड़ों, चीन के व्यापार और वृद्धि दर के आंकड़ों के साथ-साथ अमेरिका के रोजगार, उपभोक्ता भावना और मुद्रास्फीति से जुड़े संकेतकों पर भी नजर रखेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा शोध) प्रणव मेर ने कहा, अमेरिका के उच्चतम न्यायालय में पांच नवंबर को होने वाली शुल्क से जुड़ी सुनवाई पर भी बाजार की नजर रहेगी। फैसले के आधार पर बाजार में तेज प्रतिक्रिया देखने को मिल सकती है। उन्होंने कहा कि बीते सप्ताह सोने की कीमतें लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुईं, लेकिन बाजार में जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखने को मिला। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कड़े रुख और अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में सकारात्मक रुख ने कीमतों पर दबाव डाला, हालांकि सुरक्षित निवेश की मांग और निवेशकों की दिलचस्पी से कुछ सहारा भी मिला। एंजल वन के शोध प्रमुख (नॉन-एग्री कमोडिटीज एंड करेंसी) प्रथमेश माल्या ने कहा कि सोने की कीमतें हाल के उच्च स्तर 1,29,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से गिरकर 1,21,000 रुपये के आसपास आ गई हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3401 अंक 211, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in